हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




आज सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर शुरू होगी फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि

# भद्रा हटते ही शिववास योग में रात्रि 11.26 पर होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भद्रा के हटते ही आज देर रात होलिका दहन किया जाएगा। ज्योतिषियों की मानें तो फाल्गुन पूर्णिमा पर दुर्लभ शिववास योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण भी लगने वाला है। चूंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक मान्य नहीं रहेगा। हालांकि इस बार भद्रा देर रात तक रहेगी। इस कारण लोग भ्रदा के बाद बन रहे शुभ मुहूर्त में ▶▶|शेष पेज 7 पर



### दोपहर से प्रारंभ हो जाएगा शिववास योग

*फाल्गुन पूर्णिमा यानी होली के दिन दुर्लभ शिववास योग का संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से हो रहा है। होली पर पूर्ण रात्रि तक उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का संयोग है। बव और बालव करण का भी योग बन रहा है। इन योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार* ▶▶|शेष पेज 7 पर

# यज्ञ के भस्म से खेलेंगे होली, धार्मिक उत्सव की शुरुआत, राज्यभर से पहुंचे लोग

- बुधवार से काण्डसर में गौ-माता की भव्य शोभायात्रा के साथ होली का शुभारंभ
- इस वर्ष सदाबहार पुष्प, तितलीरानी, अन्नराजा धानवृक्ष है मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद के कांडसर में होली का पर्व मंगलवार 11 मार्च से ही शुरू हो गया है। पांच दिनों तक मनाए जाने वाले पर्व में बुधवार को यहां ब्रह्म मुहूर्त में यज्ञ प्रारंभ किया गया। 14 मार्च तक चलने वाले इस यज्ञ के भस्म से यहां होली खेली जाएगी। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के खजूरपदर गांव में कांडसर ▶▶|शेष पेज 7 पर





### हवन कुंड में गौ काष्ठ और जड़ीबूटियां

यहां गौ काष्ठ व विभिन्न औषधियों को हवन कुंड में डाले गए हैं। बाबा उदयनाथ व उनके अनुयायी ब्रह्म मुहूर्त से देर रात तक निराकार ब्रह्म की उपासक विधि अनुसार हवन कर रहे हैं। भजन कीर्तन के साथ गौ का महत्व बताया ▶▶|शेष पेज 7 पर

### वृंदावन में बरसे फूल

*बरसाना। राधारानी के गांव बरसाने में लट्ठमार होली की शुरुआत 7 मार्च से हो गई है। राधारानी मंदिर के प्रधान आशु गोस्वामी महाराज ने हरिभूमि को बताया, होली के सप्ताहभर पहले ही यहां विदेशी पर्यटकों के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया था। इस बार लगभग 3 लाख भक्त यहां जुटे हैं।*

कैबिनेट का फैसला

# भारतमाला घोटाला ईओडब्लू के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के क्रियान्वयन में



भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से जांच कराने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में परियोजना के आसपास की जमीनों को कई टुकड़ों में बांटकर करीब 350 करोड़ का मुआवजा बांटा गया। जबकि वास्तविक मुआवजा 35 करोड़ का बन रहा था। यह मामला विधानसभा में विपक्ष ने प्रमुखता से उठाया था। इस मामले की गूंज लगातार बनी रही। आरंग और अभनपुर इलाके में मुआवजे को लेकर बड़ा खेल हुआ है। इस मामले में जांच के बाद कई सस्पेंड भी हो चुके हैं। अब इसकी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नक्सलवाद पर सरकार की नई नीति को मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने राज्य में नक्सल समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल करते हुए छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति-2023 के स्थान पर छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण,पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

- 'बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी' ने हमले की जिम्मेदारी ली
- पाकिस्तान सरकार ने 200 से अधिक ताबूत क्वेटा भेजे

# बलूच आर्मी-पाक सेना में जंग, 21 यात्रियों के साथ मारे गए 4 सैनिक और 33 विद्रोही

*बलूचिस्तान के बोलन जिले में अगवा की गई जाफर एक्सप्रेस के 346 बंधकों को पाकिस्तान सेना ने छुड़ा लिया है। विद्रोहियों ने 21 यात्रियों और अर्धसैनिक बलों के चार जवानों की हत्या कर दी। इस बचाव अभियान में 33 विद्रोही मारे गए।*

एजेंसी ▶▶| कराची/इस्लामाबाद

पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने टीवी चैनल को बताया कि सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर मौजूद सभी 33 विद्रोहियों को मार गिराया। लेफ्टिनेंट जनरल शरीफ ने कहा, सशस्त्र बलों ने सभी आतंकवादियों को मार गिराया और सभी यात्रियों को सुरक्षित छुड़ाकर बुधवार शाम को अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ट्रेन पर हमला करके विद्रोहियों ने 21 यात्रियों को मार डाला। उन्होंने बताया कि इस घटना में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कोर के चार जवान भी मारे गए। लेफ्टिनेंट जनरल शरीफ ने कहा, सेना ने सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराया और बंधकों को छुड़ाया। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बलूच आर्मी ने कहा- अब भी बंधक हैं 150

इधर, बलूच लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि अभी-भी उनके कब्जे में 150 से ज्यादा पाक नागरिक हैं, जिन्हें बीएलए ने बंधक बनाया हुआ है। बीएलए ने बताया कि ट्रेन में कुल 426 यात्री थे, जिनमें कुल 214 सैन्यकर्मी शामिल थे। ट्रेन हाईजैक के पहले घंटे में 212 यात्री रिहा किए गए थे. अब तक 40 पाक सैन्यकर्मी और 60 बंधक मारे जा चुके हैं। बीएलए ने दावा किया कि पाकिस्तान की ओर से 16 बार बंधकों को बचाने के लिए कोशिश की है, जिसमें 63 पाक बलों के जवान घायल हुए हैं। बीएलए के अनुसार, अभी-भी उनके कब्जे में 154 से ज्यादा पाक नागरिक हैं, जिन्हें उन्होंने बंधक बनाया हुआ है।बीएलए ने ये भी बताया कि इस दौरान उनके 3 लड़ाके भी मारे गए हैं।

### दो दावे : पाक सेना बोली ऑपरेशन पूरा, विद्रोही बोले- 154 अभी भी बंधक





### 37 यात्री घायल

पाकिस्तान रेडियो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर 190 लोगों को बचा लिया गया। 37 यात्री घायल हो गए और 57 यात्रियों को बचाकर क्वेटा ले जाया गया है। जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा सभी बंधकों की सुरक्षित रिहा सुनिश्चित करते हुए रिहा करा लिया है।

### कभी नहीं भूल पाएंगे खौफनाक मंजर

ट्रेन से रेस्क्यू किए गए यात्री यात्री मुश्ताक मोहम्मद ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि हमले के उस खौफनाक मंजर को वह कभी भुला नहीं पाएंगे। मुश्ताक उन यात्रियों में शामिल हैं जिन्हें यात्री ट्रेन पर ब्लूच आतंकवादियों के हमले के बाद बचाया गया। मुश्ताक ने कहा, हमले की शुरुआत में एक 'बड़ा विस्फोट' हुआ। उसने कहा, इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई जो एक घंटे तक जारी रही। यह ऐसा मंजर था जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता।





# विधानसभा में उड़ा रंग-गुलाल

## विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित विधायकों ने खेली होली, मंत्री-विधायकों के फाग गीतों पर झूमे सदस्य

**रायपुर।** विधानसभा परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन हुआ, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित तमाम विधायकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजन का पूरा माहौल होली के उल्लास में सराबोर रहा। मंत्रियों और विधायकों ने पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर विधानसभा सदस्य झूमते नजर आए।







**डॉ. सुरेंद्र दुबे की रंगीन कविताओं ने बांधा समांः** लोकप्रिय कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपनी हास्य और होली की रंगीन कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा राकेश तिवारी और उनकी टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉ. सुरेंद्र दुबे, राकेश तिवारी व उनकी टीम को सम्मानित किया।

**मंत्री और विधायकों ने एक दूसरे को लगाया रंगः** इस अवसर पर मंत्रियों और विधायकों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, विधायक अजय चंद्राकर, धर्मलाल कौशिक, पुरंदर मिश्रा, धर्मजीत सिंह, मोतीलाल साहू, सुशांत शुक्ला, संदीप साहू, गुरु खुशवंत साहेब, भैयालाल राजवाड़े, ईश्वर साहू, कुंवर सिंह निषाद, रिकेश सेन, रामकुमार यादव, भावना बोहरा, योगेश्वर राजू सिन्हा, अटल श्रीवास्तव, ललित चंद्राकर सहित विधानसभा के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## रायपुर प्रेस क्लब में होली की रही धूम



## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका की फर्जी अंकसूची, नियुक्ति निरस्त

**पवनी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र दमदरहा– 2, ग्राम दमदरहा में दीपा चौहान पति दुर्गा प्रसाद चौहान की आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति को निरस्त करने का आदेश जारी किया है। दीपा चौहान के कक्षा 8वीं की अंकसूची के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर कार्यालय द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड सराईपाली, जिला महासमुंद को अंकसूची सत्यापन के लिए पत्राचार किया था। दीपा चौहान के कक्षा 8वीं की शैक्षणिक संस्था द्वारा सत्यापित अंकसूची एवं सहायिका पद हेतु आवेदन के समय प्रस्तुत अंकसूची में विसंगति होने के कारण अंकसूची वैध नहीं पायी गई। इस कारण से दीपा चौहान की आंगनबाड़ी केन्द्र दमदरहा–2, ग्राम दमदरहा में सहायिका पद पर की गई नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की है।




### दुर्ग अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एलएचबी कोच की सुविधा

**भिलाई।** रेलवे द्वारा यात्रियों को सुविधा के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में योजनाबद्ध तरीके से पुराने कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रेन 8241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में दुर्ग से 10 मार्च, अम्बिकापुर 11 मार्च से कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ट्रेन 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में 11 मार्च से एलएचबी कोच सुविधा है। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। गौरतलब हो कि एलएचबी कोचयों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी मानी जाती है। वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है।




### डीएसपी क्राइम, एसीसीयू दुर्ग, एएनटीएफ प्रभारी हटे

**भिलाई।** डीएसपी क्राइम एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट (एसीसीयू) दुर्ग एवं एएनटीएफ के प्रभारी हेम प्रकाश नायक हटा दिए गए हैं। यह आदेश पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा जारी किया गया है। साथ ही डीएसपी हेम प्रकाश नायक को पुलिस अधीक्षक दुर्ग के कार्यालय में अपराध संबंधित कार्य का निर्वहन करने की जिम्मेदारी दी गई है। डीएसपी क्राइम एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट (एसीसीयू) दुर्ग एवं एएनटीएफ के प्रभारी के कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए किसी अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी देने हेतु पुलिस अधीक्षक दुर्ग को आदेशित किया गया है।



## सुकमा जिपं और सक्ती जनपद में भी निर्वाचन टला, नई तारीख की घोषित

# दूसरी बार टला जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव, कांग्रेस ने कलेक्टोरेट में किया जमकर प्रदर्शन

**रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव दूसरी बार टल गया। यह चुनाव अब होली त्योहार के बाद 20 मार्च को होगा। चुनाव की तारीख बार-बार आगे बढ़ाए जाने पर कांग्रेस पार्टी अब इसके विरोध में उतर आई है। कांग्रेसियों ने बुधवार को चुनाव की तारीख अचानक आगे बढ़ाए जाने के विरोध में कलेक्टोरेट परिसर में जिला पंचायत कार्यालय के सामने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कांग्रेसियों के प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्टोरेट में पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल लगा दिया गया था। इन प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कलेक्टोरेट के सारे प्रवेश द्वार भी बंद कर दिए गए थे। पुलिस की तैनाती के बीच कांग्रेसियों ने यहां जमकर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेसियों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की और चुनाव स्थगित करने का कारण पूछा। कलेक्टर ने उन्हें बताया कि चुनाव को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया है और आगामी तारीख को हर हाल में चुनाव कराया जाएगा। तब कांग्रेसियों ने प्रदर्शन खत्म किया। कांग्रेस नेता विनोद तिवारी एवं पंकज शर्मा ने कहा कि भाजपा के पास अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनाने के लिए सदस्यों का बहुमत नहीं है। इस कारण बार-बार चुनाव की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है।

### 10 मिनट पहले चुनाव स्थगित

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए कलेक्टोरेट में आज नामांकन होना था। नामांकन प्रक्रिया के 10 मिनट पहले ही चुनाव को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया। यह दूसरी बार है, जब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव को अचानक स्थगित किया गया है। इससे पहले 5 मार्च को दोनों पदों के लिए चुनाव होना था। अचानक चुनाव को स्थगित करने से कलेक्टोरेट में पहुंचे कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने चुनाव की तारीख बढ़ाए जाने के विरोध में प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

### अपरिहार्य कारणों से किया स्थगित

चुनाव अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया है। चुनाव की नई तारीख घोषित की है। अब 20 मार्च को चुनाव कराया जाएगा।
- डा. गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर



### 3 घंटे तक छावनी में तब्दील रहा कलेक्टोरेट


कांग्रेसियों के प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्टोरेट में बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारियों सहित पुररुष एवं महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था, जिससे कलेक्टोरेट परिसर 3 घंटे तक छावनी में तब्दील रहा। प्रदर्शनकारी जितने अंदर थे, उससे ज्यादा बाहर भी थे। इन प्रदर्शनकारियों को अंदर जाने से रोकने के लिए कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने वाले सभी मुख्य गेटों को बंद कर दिया गया था, जिसे प्रदर्शन खत्म होने के बाद खोला गया।

### जनपद पंचायत सक्ती में भी निर्वाचन हुआ स्थगित

**सक्ती।** जनपद पंचायत सक्ती में 12 मार्च को आयोजित अध्यक्ष- उपाध्यक्ष का चुनाव एन मौके पर टल गया। दरअसल चुनाव को लेकर पहुंचे सदस्यों को सुबह 11 बजे यह पता चला कि जनपद पंचायत सक्ती मे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए नियुक्त किए गए पीठासीन अधिकारी अस्पताल में भर्ती हैं, इसलिए चुनाव टल गया है। खास बात यह है कि इसके पूर्व भी यहां चुनाव की तिथि विलंब से घोषित हुई थी। अब यह चुनाव 23 मार्च को होगा। जनपद पंचायत सक्ती में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव टलते जा रहा है। सक्ती जिले के चार जनपद में से तीन जनपद पंचायत में 4 मार्च को अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव हो गया है। तब यहां चुनाव की तिथि 12 मार्च को निर्धारित की गई थी। सूत्रों की माने तो संख्या बल के जोड़ घटाव के फेर में तिथि परिवर्तित हो रही है। हालांकि अफसरों का अपना अलग ही तर्क है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बहुमत का जादुई आंकड़ा प्राप्त करने भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दल के लोग लगे हुए हैं। बताया जाता है कि एक पार्टी ने जनपद सदस्यों को गोवा की सैर कराई ,तो दूसरी ने अन्य स्थान पर सैर सपाटे के लिए भेजा था।

### राजा जलाएंगे होली

## माड़पाल में 600 साल पुरानी परंपरा अनुसार होगा होलिका दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माड़पाल होलिकादहन धार्मिक आयोजन में रथ को खींचने की परम्परा 600 साल पुरानी है। इस परंपरा निभाने के लिए 12 परघना के देवी देवता भी शामिल होते है। इस होलिका दहन कार्यक्रम में रथ निर्माण समिति, मांझी चालकी, 12 परघना के लोग और होली समिति के लोगों बढ़ चढ़कर योगदान देते है। यहां की होली सबसे अलग तरह की होती है। इसलिए 601 साल से लगातार इस परंपरा का पालन किया जा रहा है। माड़पाल मावली मंदिर में महाराजा कमलचन्द्र भजंदेव रथ में सवार होकर होलिकादहन करेंगे। किवदंती है,कि बस्तर रियासत के राजा पुरुषोत्तम देव 1423 में जब पदयात्रा करते हुए जगन्नाथ पुरी गए थे। तो उन्हें भगवान जगन्नाथ ने रथाधिपति की उपाधि दी थी। तब बस्तर रियासत के महाराजा पुरुषोत्तम देव लाव-लश्कर के साथ वापस बस्तर लौट रहे थे। वापस लौटने के दौरान राजा पुरुषोत्तम देव माड़पाल के ग्रामीणों ने उन्हें रोका था और बस्तर दशहरा की तर्ज पर होली मनाने का आग्रह किया था। यह परंपरा सन 1423 में शुरू हुई थी। यही कारण है कि 601 साल से यह परंपरा अनवरत रूप से चली आ रही है।

## एक माह में 100 कैडेट्स को सिखाएंगे

# एनसीसी कैडेट्स को विमान उड़ाने का जशपुर में प्रशिक्षण




आगडीह में सीजी एअर स्कवाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स सीख रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

आगडीह के हवाई पट्टी से उड़ान भरते और लैंड करता हुआ प्रशिक्षु विमान आस-पास लोगों के लिए एक रोमांच का विषय बना हुआ है। प्रशिक्षण के उद्देश्य से लाए गए यह विमान 7 मार्च से रोज सुबह आसमान की सैर कर वापस जमीन पर आ जाता है। दरअसल आगडीह हवाई पट्टी से 3 सीजी एअर स्कवाड्रन एनसीसी रायपुर के चयनित केडेट्स को हल्के विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायपुर से बाहर जशपुर जिले में पहली बार हो रहे प्रशिक्षण को लेकर केडेट्स मे भी भारी उत्साह है। एक तरफ जशपुर का मनोरम दृश्य और प्रशिक्षण पाने का उत्साह उनके जोश को दोगुना कर देता है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के शुरूआत में 10 केडेट्स का विमान उड़ाने की ट्रेनिंग दिया जा रहा है। 100 केडेट्स को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

### ट्वीन सीटर एसडब्ल्यू 80 विमान से प्रशिक्षण

आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। सिंगल इंजन ट्वीन सीटर वायरस एसडब्ल्यू 80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विमान 20 हजार फीट तक उड़ान भर सकता है। फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1000 फीट तक ही उड़ान का संचालन किया जा रहा है। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया की यह प्रशिक्षण केडेट्स के सुनहरे भविष्य की नींव तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीसी के एयर विंग से सी प्रमाण पत्र परीक्षा में अच्छे ग्रेडिंग से पास करने पर केडेट्स सीधे एयर फ्रोर्स के इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं।

### एअर फोर्स पायलट बनने का सपना लिए ले रहे हैं प्रशिक्षण

प्रशिक्षु नितेश प्रजापति ने बताया की वे पहली बार जशपुर में प्रशिक्षण के लिए आए हैं। यहां का साफ-स्वच्छ और खूबसूरत वातावरण में फ्लाईंग की ट्रेनिंग लेना उन्हें काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने बताया की वे एअर फोर्स पायलट बनना चाहते हैं और यह प्रशिक्षण उनका सपना को पूरा करेगा। इसी तरह प्रशिक्षण ले रहे प्रांशु चौहान ने बताया की यहां पर एअर ट्रैफिक क्लीयर रहता है। रनवे भी क्लीयर मिलने की वजह से प्रशिक्षण में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। यहां का स्वच्छ वातावरण और खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य होने की वजह से जशपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करना उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा।

## धोखाधड़ी, फायनेंस कंपनी का सहायक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

फायनेंस कंपनी के तीन कर्मचारी के द्वारा कंपनी के पैसा को कलेक्शन कर कंपनी में जमा नही करते हुए अपने पास रख लिया था। कंपनी का कर्मचारी होकर धोखाधड़ी व विश्वासघात करने की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता लालबाग जगदलपुर निवासी 44 वर्षीय नरेश जेठवा पिता चिमनलाल जेठवा ने पुलिस को बताया कि एचडीबी फायनेंस सर्विस कंपनी ब्रांच कांकेर में आरोपी राघवेन्द्र झा, नितेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये की पदस्थापना थी। पदस्थापना के दौरान कस्टमर से फायनेंस एवं कलेक्शन का कार्य करते थे। कार्य के दौरान 27 सितंबर 2024 एवं 30 सितंबर 2024 को तीनो आरोपी मिलकर कस्टमर लोगो से कुल कलेक्शन राशि 2 लाख 91 हजार 300 रूपएं का रसीद काटकर कस्टमर को देकर कलेक्शन राशि को फाइनेंस कंपनी में जमा ना करके स्वयं रख कर रकम को गबन किया।



# भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ लड़ा था चुनाव, पांच किए गए निष्कासित

## मामला जनपद पंचायत कोरबा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

पंचायत चुनाव के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ताओं के खिलाफ भाजपा हाईकमान ने निष्कासन की कार्रवाई की है।

मामला जनपद पंचायत कोरबा से जुड़ा हुआ है, जहां चार कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इन पर पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़वाने व पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न रहने का आरोप है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रोहरा के द्वारा जारी पत्र में जिन लोगों के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई की गई है उनमें जनपद पंचायत कोरबा में अध्यक्ष पद के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली मोनिका भगत को अनुशासन भंग करने के आरोप में भाजपा से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इसी तरह चंद्रकांता राजपूत जो उपाध्यक्ष पद हेतु पार्टी प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ी थी उन्हें भी प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है। इनके अलावा अरविंद भगत पर भी निष्कासन की कार्रवाई की गई है। इन्होंने जनपद पंचायत कोरबा के अध्यक्ष पद हेतु भाजपा के द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने का आरोप है। इनके अलावा कृष्णा राजपूत को भी पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाया था। कोरिया जिले की सौभाग्यवती सिंह को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध बागी होकर चुनाव लड़ने पर निष्कासित किया गया है।



## नक्सली सहयोगियों की लगातार तोड़ी जा रही है कमर

# नक्सलियों के पैसों से खरीदा गया ट्रैक्टर ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

नक्सल मोर्चे पर चल रहे अंतिम पड़ाव के लड़ाई के बीच मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है । बस्तर के माढ़ से लेकर जिले के अंदरूनी हिस्से में लेव्ही के रुपयों से खरीदे गए नक्सलियों का ट्रैक्टर और ट्राली को पुलिस ने जब्त किया है। अब ट्रैक्टर का उपयोग कर नक्सलियों को सहयोग पहुंचाने वाले पांचवें आरोपी को कांकेर बस्तर से हिरासत में लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 8 नवंबर को थाना मदनवाड़ा के सामने लावारिस हालत में पड़े मिले एक लाल रंग की महिंद्रा ट्रैक्टर और ट्रॉली को पुलिस ने जप्त किया था। जांच के दौरान पुलिस के समक्ष चौंकाने वाले तथ्य सामने आया उक्त ट्रैक्टर नक्सलियों के लव्ही से खरीदा गया था। जिसका उपयोग नक्सल गतिविधियों के साथ साथ ट्रैक्टर से होने वाले फायदे कि रकम को नक्सलियों तक पहुंचाया जा रहा था। उक्त मामले में 4 नक्सल सहयोगी तथा एक नक्सली को पूर्व में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर एनआईए कोर्ट राजनांदगांव में प्रस्तुत करते हुए पूरे प्रकरण को जांच में लिया हुआ था। आईजी दीपक झा और पुलिस कप्तान यशपाल सिंह के निर्देश में लगातार कार्रवाई जारी है। आज प्रेस कॉन्फ्रेंस लेते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने आगे बताया कि थाना मदनवाड़ा के सामने महेन्द्रा ट्रैक्टर एवं दो चक्के वाली ट्राली संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने पर जांच क्रम के दौरान चार नक्सली सहयोगी तथा एक नक्सली को उनकी पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किया है इस जांच के दौरान पाया गया कि न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजे गए अरविंद तुलावी के पास ही ट्रैक्टर और ट्राली रहती थी जिसे पांचवा आरोपी मोहन गावड़े पिता मुनकीर गावड़े उम्र 34 वर्ष निवासी ईरखबुट्टा थाना पखांजूर जिला कांकेर ट्रैक्टर को स्वयं किराये पर चलाकर प्राप्त रकम को नक्सलीयों के पास पंहुचाता था और ट्रैक्टर और ट्राली से प्राप्त रकम को नक्सलियों के विचारधारा के प्रचार प्रसार के लिये उपयोग किया जा रहा था।




### अशोक रेड्डी ने खरीदवाया था ट्रैक्टर

पुलिस ने खुलासा किया है कि हार्डकोर नक्सली कमांडर एसफसीएम अशोक रेडी ने लेव्ही के रकम से ट्रैक्टर खरीदा आया था। जिसका उपयोग नक्सलियों के लिए माढ़ से लेकर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में किया जा रहा था।

### लगातार हो रही कार्रवाई

नक्सलियों के खिलाफ सतर्कता और सतत निगरानी के साथ-साथ लगातार व्यापक कार्रवाई की जा रही है।
-यशपाल सिंह
पुलिस अधीक्षक, मोहला मानपुर अंबागढ़चौकी

रायपुर
गुरुवार, 13 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष: 23, अंक: 236
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य: 5.00**
मौसम
अधि. 39.00
न्यून. 20.90
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस आएंगे भारत



न्यूयॉर्क। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करने की संभावना है। वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस के साथ इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करेंगे। वेंस उपराष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत पिछले महीने फ्रांस और जर्मनी गए थे। भारत की यात्रा उपराष्ट्रपति के रूप में वेंस की दूसरी विदेश यात्रा है। उषा वेंस के माता-पिता कृष चिलुकुरी और लक्ष्मी चिलुकुरी 1970 के दशक के अंत में भारत से अमेरिका आए थे। उषा वेंस देश की द्वितीय महिला (उपराष्ट्रपति की पत्नी) के रूप में पहली बार अपने पैतृक देश की यात्रा करेंगी।

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने प्रदेश के मुतवल्लियों को भेजा पत्र

# उत्तरप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ में भी बदल गया जुमे की नमाज का वक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द्र के मद्देनजर ऐसा निर्णय लिया गया है। बोर्ड के सीईओ एसए फारूकी ने पत्र जारी किया है। पत्र में मुतवल्लियों से कहा गया है कि होली का त्योहार और जुमा एक ही दिन है। आम दिनों में जुमे की नमाज दोपहर 1 से 2 बजे के बीच मुनअकिद की जाती है। 14 मार्च को होली के त्योहार, माहे रमजान और जुमे को देखते हुए मस्जिदों में नमाज का वक्त दोपहर 2 से 3 के बीच रखा जाए, ताकि अमन, सुकून और भाईचारा कायम रह सके। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के निर्णय का भाजपा ने स्वागत किया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोग जुमे की नमाज अदा करते हैं। दोपहर 12.30 बजे जोहर की नमाज होती है। नमाजी नमाज अदा करने के लिए मस्जिद की ओर ▶▶| शेष पेज 7 पर

*देश में इस बार होली के साथ जुमे का दिन भी पड़ रहा है। ऐसे में उत्तरप्रदेश ने नमाज का समय बदल दिया है। यूपी के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन मस्जिदों में दोपहर 12.30 बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी। सभी मस्जिदों के मुतवल्लियों को छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने पत्र भेजा है।*

### दोपहर 2-3 बजे के बीच अदा की जाएगी नमाज



### अलर्ट मोड पर रायपुर पुलिस

*होली के दौरान किसी तरह का विवाद ना हो, इसलिए रायपुर पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। त्योहार शांति पूर्वक रहे, इसलिए रायपुर में 80 नाके लगाकर जांच की जाएगी। सड़कों पर लगातार 48 घंटे पुलिस मुस्तैद रहेगी। सेंसिटिव इलाकों में पुलिस लगातार गश्त करेगी। राजपत्रित अधिकारियों की टीम मॉनिटरिंग करेगी।*
*-लाल उमेंद्र सिंह, एसएसपी, रायपुर*

### भाजपा ने फैसले का किया स्वागत

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के फैसले का भाजपा ने स्वागत किया है। भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि बोर्ड के फैसले का हम स्वागत करते हैं। अगर सुबह होली खेली जाएगी और दोपहर में नमाज पढ़ी जाएगी तो ये बोर्ड का अच्छा निर्णय है। कांग्रेस को ये फैसला गलत लग सकता है, क्योंकि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। भाजपा सबका साथ सबका विकास चाहती है।

### देशभर में सियासी चर्चा

- उत्तर प्रदेश में भाजपा नेताओं द्वारा मांग की जा रही है कि जुम्मे की नमाज तो साल में कई बार आती है, लेकिन होली का त्योहार सिर्फ एक बार मनाया जाएगा। ऐसे में मुस्लिम पक्ष को समझौता करते हुए घर में ही नमाज अदा कर लेनी चाहिए।
- मध्य प्रदेश में हिंदू पक्ष का कहना है कि नमाज का समय बदल देना चाहिए, यहां भी अपील कर दी गई है कि जिन्हें भी रंगों से परहेज है, वो बाहर ही ना निकलें। मुस्लिम धर्मगुरु कह रहे हैं कि जब भाईचारे के साथ ही त्योहार मनाना है, तो मिलकर मनाएं।
- बिहार में भाजपा नेता हरिभूषण ठाकुर का बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। हिंदुओं को त्योहार मनाने देना चाहिए और अगर उन पर रंग लग जाए तो उन्हें बुरा नहीं मानना चाहिए। अगर उन्हें इससे कोई दिक्कत हो तो उन्हें घरों में ही रहना चाहिए।




ईडी ने चालान के साथ 68 पन्नों की समरी भी पेश की

# शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी के खिलाफ 3773 पन्नों का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ ईडी ने बुधवार को स्पेशल कोर्ट में 3773 पन्नों का चालान पेश किया है। इसके साथ ही 68 पन्नों की ईडी ने समरी पेश की है। समरी में बताया गया है कि लखमा के पास कैसे चैनल के माध्यम से पैसा पहुंचता था और उनके शराब घोटाला से जुड़े लोगों के साथ किस तरह के संबंध थे। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक शराब घोटाला मामले में कवासी ▶▶| शेष पेज 7 पर



शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा गिरफ्तार, ईडी की हिरासत में रहेंगे 7 दिन

### लखमा 21 जनवरी से जेल में बंद हैं

*शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद कवासी लखमा को ईडी ने 15 जनवरी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 21 जनवरी तक कोर्ट से रिमांड हासिल की थी। पूछताछ पूरी होने के बाद ईडी ने श्री लखमा को पुनः कोर्ट में पेश किया। तब से लेकर कवासी लखमा न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं।*

### लखमा के खिलाफ यह आरोप

*ईडी ने कवासी लखमा पर शराब घोटाले सहित आबकारी विभाग के पूरे मामलों की जानकारी नहीं होने का आरोप लगाया है। बावजूद इसके शराब खरीदी-बिक्री के अवैध और अनाधिकृत संचालन को रोकने लखाम पर किसी तरह के प्रयास नहीं किए जाने के आरोप हैं। उन पर नीति परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के आरोप हैं, जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य में एफएल-10ए लाइसेंस की शुरुआत हुई।*

### सिंडिकेट के अभिन्न अंग

*ईडी के दावों के मुताबिक लखमा शराब सिंडिकेट का एक अभिन्न अंग थे। कवासी लखमा को 2019 से 2022 के बीच हुए शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय में से डेढ़ करोड़ रुपए प्रति माह मिल रहे थे। एजेंसी ने दावा किया कि वह अचल संपत्तियों के निर्माण में लखमा द्वारा प्राप्त अपराध की आय के उपयोग से जुड़े साक्ष्य एकत्र करने में सफल रही।*

## रिश्वत लेते दो अधिकारी गिरफ्तार

ठाणे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दो कर्मचारियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी की ठाणे इकाई में शिकायत दर्ज होने के बाद वरिष्ठ लिपिक हरीश मराठे (47) और कनिष्ठ लिपिक हेमंत किरपाण (39) को गिरफ्तार कर लिया गया।







inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्ची की मौत



अमेठी। अमेठी में ट्रैक्टर की चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान भवानी के रूप में हुई है। भावनी अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अमेठी थाने के थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने कहा, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और ट्रैक्टर एवं उसके चालक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## दो प्रतिबंधित संगठनों के 10 सदस्य गिरफ्तार



इंफाल। मणिपुर में प्रतिबंधित दो संगठनों के 10 सदस्यों को तीन जिलों से गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को इंफाल पश्चिम जिले के तेरा उरक में प्रतिबंधित 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी' के एक अस्थायी शिविर से संगठन के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक बंदूक, गोला-बारूद और मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने पूर्वी इंफाल जिले के खुरई चिनगंगबाम लेईकाई से भी प्रतिबंधित संगठन के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।




# धरती पर कदम रखते ही लड़खड़ा जाएंगी सुनीता विलियम्स, बच्चे की तरह दोबारा चलना सीखेंगी?

वॉशिंगटन। अंतरिक्ष में लगभग पिछले 10 महीने से अंतरिक्ष में रह रहे हैं। वहीं, उनके धरती पर वापस लौटने की तारीख तय की जा रही है, हालांकि लंबे समय तक अंतरिक्ष में अपना समय बिताने के कारण उनके शरीर को इसके कुछ प्रभाव झेलने पड़ सकते हैं। खासतौर पर उन्हें वापस जमीन में चलने में थोड़ी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

## चलने में होगी दिक्कत



नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री लेरॉय चियाओ ने 'न्यूजनेशन प्राइम' के साथ अपनी बातचीत में बताया कि अंतरिक्ष में वजन न होने के कारण अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ समय तक धरती में चलना मुश्किल हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आप संतुलन नहीं बना पाते हैं। उन्होंने कहा कि जो अंतरिक्ष यात्र लंबे समय तक स्पेस में रहते हैं धरती पर लौटने के बादवे बेबी फीट विकसित करते हैं यानी वे अपने पैरों के तलवों पर चलने के लिए जुड़े रहने वाले कॉलस को खो देते हैं। चियाओ ने कहा,' आप पैरों की त्वचा का मोटा हिस्सा खो देते हैं।

## विकसित हो जाते हैं बेबी फीट



चियाओ ने 2000 के दशक की शुरुआत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की कमान संभाली थी। ऐसे में उन्हें पता है कि वहां रहने और फिर घर वापस आने का क्या एहसास होता है। वह कहते हैं कि अंतरिक्ष यात्री घर वापस आने के बाद बेबी फीट के अलावा, चक्कर आना और मतली जैसी 2 अन्य समस्याओं का सामना करते हैं। चियाओ ने अंतरिक्ष से पृथ्वी पर वापस आने को फ्लू जैसा बताया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद सामान्य होने में कुछ हफ्ते लगते हैं। चियाओ का समर्थन करते हुए टेरी वट्र्स नाम के एक अन्य अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि वह अंतरिक्ष से लौटकर बेहद भारी महसूस करते थे और उन्हें बेहद चक्कर आता था।

## रोचक खबरें



## गर्लफ्रेंड के साथ बेड पर सो रहा था मालिक, कुत्ते ने मार दी गोली!

**वॉशिंगटन**। एक अमेरिकी शख्स ने अजीब दावा कर सबको चौंका दिया है। शख्स का कहना है कि उसके एक साल के पालतू कुत्ते ने उसे गोली मार दी। यह हादसा तब हुआ, जब वह गर्लफ्रेंड के साथ बेड पर सोया हुआ था। हालांकि, पुलिस जब मौका-ए-वारदात पर पहुंची तो उसे कुत्ता और जख्मी शख्स तो मिला, पर जिस हथियार से गोली चली वह गायब था। बाद में शख्स की गर्लफ्रेंड ने पुलिस को बताया कि उसने ही बंदूक वहां से हटाई थी। टेनेसी में हुई यह विचित्र घटना अब सोशल मीडिया पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, गोली जेराल्ड किर्कवुड नाम के शख्स की जांघ को छूकर निकल गई। उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। शख्स ने बताया कि गोली चलने के बाद उसकी गर्लफ्रेंड ने बंदूक को घटनास्थल से हटा दिया था। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि शख्स अपनी महिला मित्र के साथ बेड पर था, तभी उसका पालतू पिटबुल ओरियो उछलते-कूदते हुए बेड पर आ गया। इसी दौरान कुत्ते का पंजा गलती से बंदूक के ट्रिगर में फंस गया और गोली चल गई।

## माइक्रोस्कोप से भी खतरनाक हैं इस पक्षी की आंखें, 10 किमी की ऊंचाई से कर देता है शिकार!

**सागर**। प्रकृति का सबसे बड़ा सफाई दरोगा कहे जाने वाले गिद्ध पक्षियों में सबसे ज्यादा बदसूरत माने जाते हैं, लेकिन यह बीमारी और जहर फैलाने वाले मृत मवेशियों को अपना भोजन बनाकर इनका सफाया करते हैं। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल यह रहता है कि जब मवेशी मरते हैं, तो लोग इन्हें जंगल या गांव के बाहर फेक आते हैं। लेकिन, दूर-दूर तक दिखाई नहीं देने वाले गिद्ध भोजन की तलाश में अचानक इनके पास तक कैसे पहुंच जाते हैं, तो इसको लेकर एक्सपर्ट दो-तीन चीज बताते हैं। एक तो यह कि यह पक्षी लाखों साल पुरानी प्रजाति के हैं, जिसकी वजह से इन्होंने जो पाया है। उसमें सबसे खास उनकी आंख और नाक है। गिद्धों की प्रजाति हवा के साथ आने वाली गंध से अपने भोजन का पता लगा लेते हैं। दूसरा उनकी दृष्टि इतनी तेज होती है कि अगर यह 8 से 10 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी उड़ रहे हैं, तो वह जमीन पर पड़े मृत मवेशी को देख लेते हैं।10 किलोमीटर की ऊंचाई से यह 30 किलोमीटर की रेंज में जमीन पर देखने की क्षमता होती है। इतना ही नहीं, इन्होंने अपनी उड़ान में यह भी हासिल किया है कि यह केवल पंख फैलाए हुए ही घंटों तक आसमान में उड़ सकते हैं, और इसमें उनकी कोई एनर्जी खर्च नहीं होती है सामान्य तौर पर यह दो से पांच किलोमीटर की ऊंचाई पर होना पसंद करते हैं।



## फोन पर बतियाने के चक्कर में बच्चे को ही भूल गई मां!

**नई दिल्ली**। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो वाकई में चौंका देने वाला है। इसमें दिखाया गया है कि एक महिला फोन पर बात करने में इस कदर मशगूल हो गई कि उसे पता ही नहीं चला कि वह अपने बच्चे को पार्क में भूल आई है। वायरल क्लिप को लेकर इंटरनेट पर बच्चों की सुरक्षा और माता-पिता की जिम्मेदारी के बारे में नई बहस छिड़ गई है। वहीं, कुछ यूजर्स का मानना है कि यह स्क्रिप्टेड हो सकता है। वायरल वीडियो में महिला फोन पर बतियाते हुए कहीं जा रही है, तभी गोद में बच्चा लिए एक शख्स महिला के पीछे दौड़ते हुए आता है और कहता है- ओ मैडम। आप अपने बच्चे को भूल गई हो। यह देखकर महिला को फौरन अपनी गलती का अहसास होता है, और वह बच्चे को लेने के लिए दौड़ पड़ती है। महिला बच्चे को फौरन सीने से लगा लेती है। इसके बाद शख्स महिला से कहता है, अरे मैडम, क्या यार। आपका ही बच्चा है न। जैसे ही इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आया, लोगों ने प्रतिक्रियाओं की झड़ी लगा दी। जहां कुछ लोग हैरान थे कि कोई मां ऐसा कैसे कर सकती है, वहीं कुछ लोगों ने दावा किया कि यह घटना किसी फिल्म की शूटिंग का हिस्सा थी।



# सिर्फ शादी के दिन पानी से नहाती हैं इस जनजाति की महिलाएं

नामीबिया। दुनिया में कई जाति और समुदायों के लोग रहते हैं, जिनके अपने अलग-अलग रीति रिवाज और मान्यताएं होती हैं। इन लोगों के नियम कानून भी बिल्कुल अलग होते हैं। आदिवासी प्रजातियां जंगलों में रहती हैं और अभी भी हजारों साल पुरानी परंपराओं का पालन करती हैं। यह जनजातियां जिस स्थान पर रहती हैं, वहां इनका पूरा अधिकार होता है। सरकारें भी इन जनजातियों के अधिकारों में दखल नहीं देती हैं। यह अपनी परंपराओं का आज भी बचाकर रखे हैं।

### बच्चों को लेकर हैं अनोखी परंपरा



हिंबा जनजाति में बच्चों के पैदा होने पर काफी दिलचस्प परंपरा का पालन किया जाता है। इस जनजाति में जन्म की तिथि बच्चे के दुनिया में आने के बाद नहीं मानी जाती है, बल्कि जब महिला बच्चे के बारे में सोचती है तब से ही बच्चे का जन्म मान लिया जाता है।

### नहाने पर है सख्त रोक

हिंबा जनजाति में नहाने पर सख्त रोक है। जनजाति की महिलाएं अपनी पूरी जिंदगी में सिर्फ एक बार नहाती हैं। वह भी सिर्फ अपनी शादी के दिन। इससे भी हैरान करने वाली बात यह है कि वह अपने कपड़े धोने के लिए पानी का इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं।





### महिलाएं खुद को साफ रखने के लिए अपनाती हैं खास तरीका

जनजाति की महिलाएं खुद को साफ रखने के लिए खास तरीके का पालन करती हैं। वह खास जड़ी-बूटियों को पानी में उबालती हैं और भाप से खुद को साफ रखती हैं जिससे शरीर से बदबू नहीं आती है। इसके साथ ही धूप से चमड़ी को बचाने के लिए खास लोशन का लगाती है। जो जानवरों की चर्बी और लोहे की तरह एक खनिज तत्व, हेमाटाइट से बनता है।




### बच्चों के लिए मां गाती है खास गीत

बताया जाता है कि महिलाओं को बच्चों से जुड़े गीत सुनने का सुझाव दिया जाता है। इसके बाद से वह पेड़ के नीच बैठकर बच्चों से संबंधित गीत सुनती हैं। इसके बाद वह गीत अपने साथी को भी गाकर सुनाती है। दोनों जब संबंध बनाते हैं तब भी वह इस गीत को गाते हैं। जब महिला गर्भवती हो जाती है, तो जनजाति की दूसरी महिलाओं को गीत सिखाती है। जब महिला गर्भवती होती है, तो उसको घेरकर सभी यह गीत गाते हैं। इंसान के आखिरी सांस तक उसको गीत सुनाया जाता है।

# इंसान के सीने में लगा दिया मशीन वाला दिल, 100 दिन तक चलती रहीं धड़कनें

केनबरा। सोचिये किसी इंसान का सीने चीरकर दिल निकाल लिया जाए और फिर उसकी जगह पर मशीनी दिल लगा दिया जाए। सुनने में किसी साइंस फिक्शन फिल्म जैसी बात लगती है। लेकिन, इसे विज्ञान का चमत्कार ही कहेंगे कि सपने जैसी लगने वाली यह बात सच हो गई है। ऑस्ट्रेलिया के एक शख्स को इसी तरह टाइटेनियम का बना दिल लगा दिया गया था। वह शख्स इसी मशीनी दिल के सहारे 100 दिनों तक जिंदा रहा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।



### कैसे काम करता है यह मशीनी दिल?

बिवाकोर कृत्रिम हृदय मैग्नेटिक लेविटेशन तकनीक का उपयोग करता है, जो हाई-स्पीड ट्रेनों में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक के समान है। यह शरीर और फेफड़ों में रक्त पंप करने का कार्य करता है, जिससे हृदय के दोनों निलयों को बदला जा सकता है। इसमें केवल एक ही चलने वाला भाग होता है – एक घूमने वाला रोटर, जिसे चुंबकों (**Magnets**) की मदद से संतुलित किया जाता है। यह टाइटेनियम से बना होता है और इसमें कोई वाल्व या मैकेनिकल बियरिंग नहीं होते, जिससे यह अधिक टिकाऊ और प्रभावी बनता है। यह पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए उपयुक्त है और एक व्यायामरत व्यक्ति को पर्याप्त रक्त प्रवाह देने में सक्षम है।

### अमेरिका में भी हो चुका है ट्रायल

अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा जुलाई से नवंबर 2023 के बीच अमेरिका में पांच मरीजों पर इस कृत्रिम हृदय का प्रारंभिक परीक्षण किया गया। हालांकि, उन सभी मरीजों को प्रत्यारोपण के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल दुनिया भर में लगभग 1.8 करोड़ (18 मिलियन) लोग हृदय रोगों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। ऐसे में बिवाकोर कृत्रिम हृदय भविष्य में लाखों लोगों की जान बचाने में कारगर साबित हो सकता है।





### इस मशीनी दिल पर अब भी टेस्टगज

सिडनी के सेंट विंसेंट अस्पताल, मोनाश यूनिवर्सिटी और इस कृत्रिम हृदय को बनाने वाली अमेरिकी-ऑस्ट्रेलियाई कंपनी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मरीज की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से ठीक हो रहा है। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों के अनुसार, यह कृत्रिम हृदय रोगियों के लिए दीर्घकालिक समाधान बन सकता है। हालांकि, यह अभी परीक्षण के चरण में है और आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं है। वहीं, सर्जरी करने वाले कार्डियोथोरेसिक और ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. पॉल जांस्ज़ ने इसे 'गेम-चेंजर' (क्रांतिकारी तकनीक) करार दिया।

## ना चॉकलेट की भूख ना खिलौनों का नशा



### 12 साल का ये बच्चा ऐसी लत से फंसा, डॉक्टर ने भी जोड़ लिया हाथ!

**अलवर**। जिले के गांव पलखड़ी के एक 12 वर्षीय तस्लीम को पेट्रोल सूंघने की लत लग गई है, जिसके लिए अब पेट्रोल उनके जीवन की सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। तस्लीम के मामा अजहरुद्दीन ने बताया कि जब ये करीब 2 वर्ष का था, तो सबसे ज्यादा बाइक पर बैठता था. इसकी वजह से इसको पेट्रोल सूंघने की लत लग गई, जो अब उसके लिए जीवन की सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। तस्लीम हर समय पेट्रोल से भरी बोतल को अपने मुंह के समीप लगाए रखता है। इसको पेट्रोल सूंघने की लत से छुटकारा दिलाने और इलाज के लिए अलवर व जयपुर के अस्पतालों में डॉक्टर के पास लेकर गए, लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ.

**बच्चा पेट्रोल नहीं सूंघने पर हो जाता चिड़चिड़ा** : बच्चे के परिजनों ने बताया कि तस्लीम को पेट्रोल की बोतल नहीं मिलने पर उनका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। जब ये करीब 2 वर्ष का था, तो यह बाइक की टंकी के पास से पेट्रोल सूंघने के लिए आसपास मुंह लगाकर रखता था। पहले तो परिजनों ने बालक तस्लीम को पेट्रोल से दूर करने का प्रयास किया, लेकिन उसका स्वभाव चिड़चिड़ा होने के कारण परिजनों ने ज्यादा सख्ती नहीं की। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ने लगी, वैसे-वैसे बच्चे को पेट्रोल सूंघने की आदत बन गई।

## सुल्तानपुर के एसकेपी स्कूल की कक्षा नवमीं की है छात्रा

# आंखें बंद कर सबकुछ पढ़ और देख लेती हैं 13 साल की ये बच्ची

**सुल्तानपुर**। कहते हैं कुछ बच्चों में विकसित प्रतिभाएं दैवीय होती हैं, लेकिन यह तो भाग्य को आधार मानने जैसी बात है। इन सबसे इतर आज हम आपको बताने वाले हैं वास्तविक और कर्म पर आधारित एक ऐसी कला और प्रतिभा के बारे में जो आज सुल्तानपुर समेत पूरे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में एक बच्ची अपनी आंखों में पट्टी बांधकर किताबों, नोटों और अन्य किसी लिखित चीज को सूंघकर और महसूस कर बता देती है और उसे पढ़ लेती है।

### बिना देखे सबकुछ बता देती है

दरअसल, सुल्तानपुर के चौकिया स्थित एसकेपी स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा अविका बरनवाल अपनी अद्भुत प्रतिभा को लेकर सुल्तानपुर समेत पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। क्योंकि, ये बच्ची अपनी आंखों पर पट्टी बांध किसी भी चीज को आसानी से देख लेती है। सुल्तानपुर के एक एसकेपी स्कूल की कक्षा 9 में पढ़ने वाली अविका ने ये टैलेंट अपने टीचर स्वाधीन सस्मल से सीखा है। अविका ने बताया कि वह बंद आंखों से किसी भी चीज को देख सकती हैं और पहचान सकती है। ये काम वह पिछले एक साल से कर रही हैं।




### इस तरह से सीखा यह टैलेंट

अविका ने बताया कि उन्होंने यह टैलेंट अपने टीचर स्वाधीन सस्मल से सीखा। उन्होंने बताया कि आंखों में पट्टी बांधकर कुछ भी पढना उन्होंने किसी जादू से नहीं सीखा, बल्कि यह अंतर्धान और मेडिटेशन के माध्यम से सीखा है।

### पहले तो घबरा गए लोग

अविका में शुरुआत में जब इस तरह की एक्टिविटी की तब लोग घबरा गए कि आखिर यह कैसे हो सकता है, लेकिन धीरे-धीरे सभी लोग अविका को समझ गए और अविका की काफी तारीफ करते हैं।

### यह बनने का है सपना

अविका ने बताया कि वह भविष्य में बैंक मैनेजर बनना चाहती हैं। इसके साथ ही योग के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहती हैं। शिवांशी के इस टैलेंट से सुल्तानपुर जिले के लोग काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि जिले में ऐसा पहली बार देखने को मिला है, जिसे लेकर वो बेहद खुश हैं। अविका की इस अद्भुत प्रतिभा के लिए जिला स्तर पर एक बार पुरस्कृत भी किया जा चुका है।

चिंतन

# बांग्लादेश की हर हरकत पर रखनी होगी पैनी नजर

शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद से बांग्लादेश भारत के लिए परेशानी बनता आ रहा है। मुहम्मद यूनुस सरकार एक के बाद एक ऐसे काम कर रही है, जिनसे भारत का सतर्क रहना बहुत जरूरी है। पाकिस्तान से प्रेम की पींगे बढ़ने के बाद अब बांग्लादेश चीन की गोद में बैठने को आतुर है। पहले तो बांग्लादेश ने पाकिस्तान से खाद्यान लेने का ऐलान किया और बड़ी संख्या में चावल पाक से बांग्लादेश पहुंच भी गया। पहले वो अपनी जरूरतों का खाद्यान भारत से खरीदता था। अब खबर आ रही है कि चीन ने बांग्लादेश को बड़े पैमाने पर हथियार दिए हैं। एक शोध पत्र के अनुसार, चीन ने बांग्लादेश को हथियारों के अलावा कई मिलिट्री टेक्नोलॉजी भी ट्रांसफर की है। चीन की कोशिश बांग्लादेश को सैन्य रूप से इतना सक्षम बनाने की है ताकि वह भारत के लिए सीमा पर परेशानी खड़ी कर सके। बांग्लादेश में चीन की राष्ट्रीय छवि शीर्षक से शोध पत्र मंगलवार को प्रकाशित हुआ। ढाका विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर और सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स के कार्यकारी निदेशक इम्तियाज अहमद, चीनी राजदूत याओ वेन और अन्य ने ढाका के एक होटल में सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित शोध पत्र के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह सब बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की चीन यात्रा से कुछ सप्ताह पहले हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ढाका में सत्ता परिवर्तन के बावजूद रक्षा संबंधों के बरकरार रहने का प्रतीक है। बांग्लादेश की नई सरकार जो भी फैसले ले रही है, उनमें भारत विरोध की बू आती है। अफगानिस्तान को भारत ने बहुत आर्थिक मदद दी, परंतु उसका कोई विशेष सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। बांग्लादेश को हमने 1971 में स्वतंत्र करवाया। शेख हसीना के कार्यकाल में ऐसा लगा कि हमारी पूर्वोत्तर की सीमाएं अब सुरक्षित रहेंगी और इस पड़ोसी देश से अच्छे संबंध बने रहेंगे, परंतु यह अध्याय भी 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया, जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। उसके बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2,400 हिंसात्मक घटनाएं हो चुकी हैं। बांग्लादेश सरकार का ध्यान जब इन घटनाओं की ओर आकर्षित किया जाता है तो वह दलील देती है कि यह हमारा आंतरिक मामला है और घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि राजनीतिक है। भारत के लिए विशेष चिंता के तीन पहलू हैं। पहला तो यह कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। जमाते इस्लामी से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पिछली सरकार ने जो कट्टरपंथी जेल में बंद कर रखे थे, उन्हें छोड़ दिया गया है। अंतरिम सरकार का समर्थन कर रहा हिजबुत तहरीर दुनिया भर में खलीफा का साम्राज्य स्थापित करने में विश्वास करता है। दूसरा यह कि बांग्लादेश का झुकाव ही नहीं, बल्कि लगाव भी पाकिस्तान से होता जा रहा है। पाकिस्तानी गायक ढाका आमंत्रित किए जा रहे हैं। तीसरा यह कि चीन अब बांग्लादेश में अपना जाल और तेजी से फैला सकता है। उसकी बेल्ट एंड रोड एनिशिएटिव योजना को और गति मिल सकती है। इससे भारत को सतर्क रहना होगा। पूर्वोत्तर की सीमाओं को हमें फिर से सुरक्षित करना होगा। बांग्लादेश की 4,096 किमी सीमा पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है, उसे अपनी ड्यूटी और मुस्तैदी से करनी पड़ेगी। सरकार को भी पड़ोसी की हर हरकत पर पैनी नजर रखनी होगी। तभी हम सुरक्षित रह पाएंगे।



पड़ोस

अरविंद जयतिलक

# पाक के हाथ से फिसलता बलूचिस्तान

> पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा।

पाकिस्तान के अस्थिर बलूचिस्तान राज्य में आजादी की लड़ाई लड़ रहे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्यों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दी है। ट्रेन में तकरीबन 500 यात्री सवार थे जिनमें से दो सैकड़ा से अधिक लोगों को बलोच लड़ाकों ने बंधक बना लिया है। ट्रेन बलूचिस्तान के बोलान इलाके में एक सुरंग के अंदर खड़ी है जहां पाकिस्तानी सेना को कार्रवाई करने में पसीने छूट रहे हैं। बंधक बनाए गए लोगों में सर्वाधिक पाकिस्तान आर्मी और उसकी खूफिया एजेंसी आईएसआई के ही लोग हैं। लड़ाकों की मानें तो उन्होंने आम नागरिकों को आजाद कर दिया है। तकरीबन तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात भी कबूली है। लड़ाकों ने दो टूक कहा है कि वे सैनिकों को रिहा नहीं करेंगे। दरअसल उनकी कुछ मांगें हैं जिन्हें पाकिस्तान की सरकार पूरा करती है तो बंधकों की जान बख्श सकते हैं। अगर मांगें नहीं मानी गई तो फिर लाशों से भरी ट्रेन ही पाकिस्तान की सरकार को मिलेगी। बलोच लिबरेशन आर्मी की मांग है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा।

बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान की सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उधर, पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान में चौतरफा अराजकता का माहौल है। खैबर पख्तुनवां में भी आग लगी है। सिंध प्रांत भी उबल रहा है। पाकिस्तान की भूमि पर फन फैलाए बैठे आतंकी संगठन भी अब पाकिस्तानी संप्रभुता के लिए नई चुनौती परोस रहे हैं। फिर बलूचिस्तान कब तक पाकिस्तान का अविभाजित अंग बना रहेगा। जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। गौर करें तो पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। याद होगा 2005 में बलूच नेता नवाब अकबर बुगती और मीर बलाच मार्री द्वारा



पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांगें रखी गयी थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था। लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इन मांगों को सिरे से खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है। विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है।

उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला। इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना 2002 में आकार ली। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है। इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ 2 फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त है। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं। वगौर करें तो बलूचिस्तान कभी भी पाकिस्तान का नैसर्गिक हिस्सा नहीं रहा है। इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का ऐलान किया था। लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे। लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दी।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गयी। इस दौरान तकरीबन 8000 बलूची नागरिक मारे गए और हजारों घायल हुए। लेकिन गौर करें तो पाकिस्तानी सेना के जुल्म के बाद भी आजादी का स्वर थमा नहीं है। मौजूदा समय में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड बलोच आर्मी, लश्कर ए बलूचिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन यूनाइटेड फ्रंट जैसे संगठन बलूचिस्तान की आजादी के लिए आंदोलित हैं। पाकिस्तान के लिए यह मुसीबत पैदा करने वाला है कि भारत ही नहीं अमेरिका भी बलूचिस्तान पर पाकिस्तानी सेना द्वारा मानवाधिकार हनन और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई को अनैतिक मान रहा है। गत वर्ष कैलिफोर्निया के रिपब्लिकन सांसद दाना रोहराबचेर ने दो अन्य सांसदों के समर्थन से अमेरिकी कांग्रेस में बलूचिस्तान के लिए इन जुल्मों के खिलाफ 'आत्मनिर्णयन' के अधिकार की मांग वाला प्रस्ताव पेश किया था। दो राय नहीं कि आने वाले दिनों में दुनिया के अन्य देश भी बलूचिस्तान के मसले पर मुखर होंगे और पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

रंगों का त्योहार

विवेक शुक्ला



# होली पर दरियांगज में रंगों से सराबोर हुए थे मुंशी प्रेमचंद

मुंशी प्रेमचंद 7 मार्च, 1936 दिल्ली पहुंचे। अगले दिन यानी 8 मार्च को होली थी। होली पर दिल्ली होली का रंग और मस्ती चढ़ी हुई थी। तब तक दिल्ली आज के मुकाबले तो बहुत छोटी थी। उस होली पर मुंशी प्रेमचंद दरियागंज में हिंदी के प्रख्यात लेखक जैनेन्द्र कुमार जैन के घर ठहरे हुए थे। उनके दिल्ली आने का मकसद हिंदुस्तानी सभा के गठन के मौके पर मौजूद रहना था। ये हिंदी-उर्दू लेखकों का साझा मंच था। ऐसे ही समय होली वालों की एक टोली जैनेंद्र जी के घर में अचानक घुस आई और बीसियों पिचकारियों की धार और गुलाल से उस दल ने मुंशी प्रेमचंद का ऐसा सम्मान किया कि एक बार तो प्रेमचंद चौंक गये। वे पल भर में सिर से पांव तक कई रंगों के पानी से भीग चुके थे। हड़बड़ाकर उठे, अपने को संभाला। बोले - अरे भाई जैनेन्द्र, हम तो मेहमान हैं। मुंशी प्रेमचंद होली वाले दिन शाम के वक्त करोल बाग में जामिया मिल्लिया इस्लामिया कैंपस पहुंचे। तब तक जामिया का कैंपस करोल बाग में हुआ करता था। प्रेमचंद जब शाम को हिन्दुस्तानी सभा के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे तो उनके चेहरे पर होली का रंग लगा हुआ था। दरअसल मुंशी प्रेमचंद का दिल्ली में आना-जाना लगा रहता था। प्रेमचंद दिल्ली आए तो यहां उनके मेजबान 'रिसाला जामिया' पत्रिका के संपादक अकील साहब थे। जामिया में प्रेमचंद से मिलने वालों की कतार लग गई। सब उनसे मिलना चाहते थे। बहरहाल, जामिया कैंपस में अकील साहब ने प्रेमचंद से गुजारिश की कि वे यहां रहते हुए एक कहानी लिखें। ये बातें दिन में हो रही थीं। प्रेमचंद ने अपने मित्र को निराश नहीं किया। उन्होंने उसी रात को अपनी अमर कहानी 'कफन' लिखी।

इस बीच, सारे देश की तरह होली के रंग दिल्ली की फिजाओं में बिखर चुके हैं। गुलाल और गुझिया की खुशबू को हर तरफ महसूस किया जा सकता है। आम-खास सब होली के मूड में हैं। यूं तो राजधानी में होली मिलन के अनेक आयोजन होते रहे हैं, इस बार भी होंगे। पर कुछ आयोजन यादगार रहे हैं। उदाहरण के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास में आयोजित होने वाला होली मिलन विशेष महत्व रहता था। उसमें इंदिरा गांधी मेहमानों को गुझिया खिलवाती थीं। सारा होली मिलन काफी शालीन अंदाज में होता था। एक दौर में हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन सारे आयोजन को देखते थे। होली पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास 1, सफदरजंग रोड के गेट भी सबके लिए खुल जाते थे। 1980 के बाद इंदिरा जी के होली मिलन पहले की तरह भव्य नहीं रहे गए थे, सुरक्षा कारणों के चलते। तब तक पंजाब में आतंकवाद ने अपनी ज़ड़ें जमा ली थीं। अटल बिहारी वाजेयी के 111 साउथ एवेन्यू, 6 रायसीना रोड, फिर लोक कल्याणा मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के होली मिलन समारोह में अटल जी खुद सब अतिथियों को गुलाल लगाया करते थे। उनमें देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेते थे। वे तब भाजपा के संगठन से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर लजीज गुजिया और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रहती थी। अटल जी के घर पर होने वाले होली मिलन की सारी व्यवस्था उनके परम मित्र शिव कुमार किया करते थे। वे अटल जी के घर का स्थायी चेहरा थे। अटल जी के होली मिलन समारोहों के आयोजन में शामिल होने वालों को चांदनी चौक के घंटे वाले या गोल मार्केट के बंगला स्वीट हाउस की बालूशाही अवश्य उपलब्ध रहती थी। लाल कृष्ण आडवाणी के पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर भी होली बड़े प्रेम से खेली जाती रही है। बंगाली मार्केट की मशहूर मिठाई की दुकानों से गुझिया सबको खिलाई जाती थी।

लालकृष्ण आडवाणी के पंडारा पार्क सी-1/6 वाले फ्लैट की होली बहुत मशहूर हुआ करती थी। उसमें अटल बिहारी वाजेपयी और तमाम गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहते। होली खेलने के लिए आने वाले तमाम मित्रों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह अवश्य मीठा कराया जाता। सभी अतिथियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहती। आडवाणी जी की पत्नी कमला आडवाणी जी ( अब स्मृति शेष) सुनिश्चित करतीं कि सब मेहमान भरपेट भोजन करके ही विदा हों। पर उनके निधन के बाद आडवाणी जी का होली मिलन सांकेतिक ही रह गया है। देश के राष्ट्रपति के रूप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने सन 2003 में नगर निगम और राष्ट्रपति भवन परिसर के स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों के साथ होली मनायी थी। डॉ. कलाम लगभग दो घंटे तक इन बच्चों के साथ रहे थे। उनसे पहले या बाद में शायद ही किसी राष्ट्रपति ने कलाम साहब की तरह होली बच्चों के साथ खेली हो।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाइए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### डिप्रेशन से प्रभावित होता बचपन

हाल ही में प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में बैठ रहे विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा की और उन्हें एग्जाम में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर किसी प्रकार का परीक्षा का दवाब न बनाने की सलाह दी और बच्चों में तेजी से बढ़ रहे मानसिक अवसाद और डिप्रेशन के प्रति चिंता व्यक्त की। आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक समस्याएं बहुत तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। इसके घातक प्रभाव हर वर्ग हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। मानसिक अवसाद का विस्तार इतना तीव्र है कि इससे न तो कोई देश बचा है और न कोई राज्य। यह एक कड़वा सच है कि आज हर गांव, गली-मोहल्ले में डिप्रेशन के मरीज मिल जाते हैं।

*-जयप्रकाश शर्मा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### गैरकानूनी संगठन



'जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन' और 'आवामी एक्शन कमेटी' को यूएपीए के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इन संगठनों को लोगों को भड़काकर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने और भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाला पाया गया।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### ऐतिहासिक दांडी मार्च



95 वर्ष पूर्व, महात्मा गाँधी ने ऐतिहासिक दांडी मार्च की शुरुआत की और एक मुट्ठी नमक से अंग्रेज़ी हुकूमत की नींव को हिला दिया। बापू की सीख और सत्याग्रह आज भी उतने प्रासंगिक हैं जितने 1930 में थे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### भू-माफियाओं की हिंसा



उप्र में जब एक सेवानिवृत्त उच्च सैन्याधिकारी भू-माफियाओं की हिंसा का शिकार हो रहे हैं, तो आम आदमी की हालत कितनी बुरी होगी कहने की आवश्यकता नहीं है। देखना ये है कि हिंसा की इस घटना के, जनता के बीच उजागर हो जाने के बाद भाजपा सरकार किसका साथ देती है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### खनिज सौदा




चीन दुनिया की 70% दुर्लभ पृथ्वी आपूर्ति को नियंत्रित करता है। इसी कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने की अपनी रणनीति के लिए यूक्रेन के साथ खनिज सौदे को केंद्रीय बना रहे हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### हूती ने इजराइली जहाजों पर हमले की धमकी दी



यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार सुबह चेतावनी दी कि गाजा पट्टी में भेजी जाने वाली सहायता सामग्री को रोकने की वजह से पश्चिम एशिया के जलक्षेत्र से गुजरने वाले इजराइली जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। विद्रोहियों ने गाजा पट्टी को सहायता सामग्री भेजने पर लगाई गई रोक को हटाने के लिए इजराइल को चार दिन का वक्त दिया था। इसके बाद हूती के मानवीय संचालन समन्वय केंद्र ने यह बयान जारी कर इजराइली पोतों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बयान में कहा गया है, 'हम आशा करते हैं कि यह समझा जाएगा कि (हूती सेना) द्वारा की गई कार्रवाई... उत्पीड़ित फलस्तीनी लोगों के प्रति धार्मिक, मानवीय और नैतिक जिम्मेदारी की गहरी भावना से उपजी है और इसका उद्देश्य इजराइली अतिक्रमणकारी इकाई पर गाजा पट्टी की क्रॉसिंग को फिर से खोलने और खाद्य एवं चिकित्सा आपूर्ति सहित सहायता सामग्री के प्रवेश की अनुमति देने के लिए दबाव डालना है।' इसने कहा कि जहाजों को लाल सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य और अरब सागर में निशाना बनाया जाएगा।

## ऑफ बीट

### झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार



कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## कश्मीर की कली गाने की शूटिंग के लिए गए थे शालीमार और निशात गार्डन

# इतनी शर्म आती है तो बुर्का पहन घर बैठो, एक्ट्रेस से बोले थे शम्मी कपूर

*चाहे कोई मुझे जंगली कहे ये गाना तो जरूर सुना ही होगा। ये है साल 1961 में आई फिल्म जंगली का. जिसमें शम्मी कपूर नजर आए थे। उनके साथ थीं सायरा बानो. ये उनकी पहली फिल्म थी और उन्हें पहली ही फिल्म से लोगों का प्यार मिल गया। लेकिन, एक किस्सा इस फिल्म का बड़ा चर्चित है। जब शम्मी कपूर सायरा बानो पर भड़क उठे थे। उन्होंने डांटते हुए ये तक कह दिया था कि इतनी शर्म-वर्म आती है तो बुर्का पहनकर घर बैठो। ये किस्सा एक बार खुद सायरा बानो ने ही सुनाया था, चलिए बताते हैं।*

**नई दिल्ली।** सायरा बानो ने साल 2023 में जंगली फिल्म का किस्सा सुनाया था। उन्होंने शूट से लेकर शम्मी कपूर के कामकाज तक सब पर बात की थी। ये पहला मौका था जब सायरा बानो फिल्मों में कदम रख रही थी। उनका दिल भी जोर से धक धक कर रहा था। चारों तरफ भीड़ और बड़े बड़े लोगों को देख वह थोड़ी नर्वस भी थी। तब सायरा की उम्र भी करीब 16 साल की रही होगी।

***हजारों की थी भीड़ :*** सायरा बानो ने बताया था कि वह जंगली की शूटिंग के लिए कश्मीर गए थे। जो एकदम जन्नत जगह थी। वह सब कश्मीर की कली गाने की शूटिंग के लिए शालीमार और निशात गार्डन गए थे। वहां हजारों की भीड़ में टूरिस्ट भी थे। बहुत सारे तो विदेशी पर्यटक भी थे जो गार्डन के आसपास फोटोग्राफी के लिए घूम रहे थे। इतना क्राउड देखकर वह थोड़ा नर्वस हो गईं।

### सायरा बानो की मां ने एक्टिंग से रोका

सायरा बानो ने बताया था कि एक सीन था जहां शम्मी जी को उनपर गुस्सा होना होता है। वह अपने जूते उठाते हैं और गाना गाते हैं। मगर वह ठीक से उस सीन को कर नहीं पातीं। देखते ही देखते वह रोने लगती हैं। तभी उनकी मां आती हैं और उन्हें चुप करवाने लगती हैं। वह बेटी से कहती हैं, 'बेटी मैंने हमेशा तुमको मना किया। बहुत कोशिश की कि तुमसे एक्टिंग नहीं हैं। तुमने अभी अभी ये शूटिंग शुरू की है। कोई दिक्कत नहीं होगी। चलो घर चलते हैं।'



### शम्मी कपूर ने डांटा

तभी शम्मी कपूर ने सायरा बानो के अप्पाजी को आंख मारी और एक्ट्रेस को डांटना शुरू किया। उन्होंने कहा, 'ये क्या है। अगर तुम्हें शर्म आ रही है। या इस तरह टूटना है तो तुम घर पर बुर्का पहनकर रहो।' अब शम्मी कपूर की डांट सुनकर वह और तेज रोने लगती हैं। गुस्से में उन्हें पलटकर कहा कि अब तो वह ये सीन करके ही दिखाएंगी।

### ऐसे सिखाया समझाया

*इस तरह सायरा बानो ने बताया था कि कैसे शम्मी कपूर उन्हें हिम्मत दी। कैसे काम करना सिखाया। उनका ये पहला मौका था, लेकिन शम्मी कपूर ने उन्हें बहुत सहज महसूस करवाया और वह अच्छी तरह से काम कर पाई। यही नतीजा था कि आखिर में फिल्म हिट हुई थी।*

# महल में टहलते हुए दिखाईं अदाएं...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने डांस नंबर्स के लिए जानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। सोशल मीडिया के जरिए वह अपनी लाइफ से जुड़ी अपडेट अपने फैंस को देती हैं। हाल ही में नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम परअपनी खूबसूरत वीडियो शेयर की है। वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट भी कर रहे हैं। नोरा ने अपनी प्रोफाइल से जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह मरून गाउन पहने नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि गाउ ऑफ शोल्डर है। गाउन पहन कर नोरा फतेही एक महल में टहल रही हैं। गाउन में अपने जलवे दिखा रही हैं और अलग-अलग पोज दे रही हैं। वीडियो में नोरा काफी खूबसूरत लग रही हैं। नोरा फतेही की वीडियो पर कई यूजर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर कमेंट बॉक्स में दिल और फायर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'आय हाय ये अदा'। एक और यूजर ने लिखा है 'नोरा का औरा है।' एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया है 'ओ माई गॉड ये तो परी लग रही है।'



# इसलिए सबसे ज्यादा खूबसूरत औरतों में शामिल हैं ऐश्वर्या...

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय दुनिया की सबसे खूबसूरत औरतों में से एक हैं। उन्होंने साल 1994 में मिस वर्ड का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा था। यहां भी उन्होंने खूब कामयाबी हासिल की है। हाल ही में एक चेहरा पढ़ने वाले टूल ने ऐश्वर्या राय का चेहरा पढ़ा है। इस टूल के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की गई है कि ऐश्वर्या राय इतनी खूबसूरत क्यों हैं। क्वोव्स स्टूडियो ने अपनी एक ताजी पोस्ट में ऐश्वर्या के बारे में लिखा है। एक वायस ओवर ने ऐश्वर्या के बारे में बताया है कि ऐश्वर्या के पास 'खूबसूरत चेहरा' है, इसे बहुत अच्छी तरह से पढ़ा गया है और ये जानने की कोशिश की गई है कि वो कौन सी चीजें हैं जो ऐश्वर्या को इतना खूबसूरत बनाती हैं। स्टडी ने बताया कि ऐश्वर्या की 'धनुषाकार भौहें', 'कम हेयरलाइन', 'भरे हुए होंठ' और 'बड़ी आंखें' हैं। उसकी साइड प्रोफाइल में एक 'सीधा, और सपाट माथा है। इसे जब ध्यान में रखा जाता है, तो वह 'चेहरे की खूबसूरती' को और बढ़ा देता है। चेहरे का औरत जैसा दिखना महिलाओं की सुंदरता की 'आधारशिला' है। ऐसे में ऐश्वर्या का चेहरा सबसे ज्यादा औरत जैसा दिखने वाले चेहरों में से एक है। यही वजह है कि उन्हें इतना सुंदर माना जाता है। इस पोस्ट पर यूजर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि 'वह अभी भी बहुत खूबसूरत हैं।' एक दूसरे फैने ने कहा कि 'ये मशहूर रहेंगी।' एक-दूसरे यूजर ने लिखा कि 'ये महिला वाकई बहुत लुभावनी है।' एक और यूजर ने लिखा है कि 'वह सबसे कामयाब मिस वर्ड हैं। वह लोरियाल का चेहरा हैं और कांस की रानी हैं। उनका करियर शानदार है। ये सिर्फ उनके चेहरी की वजह से नहीं है जो उन्हें खूबसूरत बनाता है, वह काबिल हैं। वह दयालू हैं जो समाज के लिए अच्छा काम करती हैं।'



# 'मेट्रो इन दिनों' 4 जुलाई को होगी रिलीज

**मुंबई।** बर्फी और लूडो जैसी फिल्में बनाने वाले अनुराग बसु ऐसे निर्देशक हैं जिनकी फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। दर्शक पिछले कुछ वक्त से अनुराग बसु की आगामी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। पहले फिल्म को 29 नवंबर 2024 को ही रिलीज होना था, लेकिन फिल्म अब तक सिनेमाघरों में नहीं दिखी। फिल्म की स्टार कास्ट की एक संयुक्त फोटो साझा करते हुए लिखा, 'जब प्यार, किस्मत और शहरी जीवन आपस में टकराते हैं तो जादू होना तय है। 'मेट्रो इन दिनों' आपके पसंदीदा शहरों से दिल की कहानियां लेकर आ रही है। इसे अपने नजदीकी सिनेमाघरों में 4 जुलाई से देखें।' 'मेट्रो इन दिनों' 2007 में आई फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' का सीक्वेल है। 'लाइफ इन अ मेट्रो' में भी अलग-अलग कहानियों को दिखाया गया था। 'मेट्रो इन दिनों' की घोषणा 2022 में की गई थी।




**homefirst** We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास कुमार बनसोड़ शारदा बनसोड़ | फ्लैट नंबर 301, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-एफ, अविनाश आशियाना-फेस 1, प्लॉट ख.नं. 4/2(4/3,6/1), 4/5 (4/11, 6/3), 4/6 (4/7 एवं 6/4), प.ह.नं. 107/37, कोटा, कबीर नगर, रिंग रोड नंबर 2, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 | 03-01-2024 | 10,49,489 | 07-01-2025 | 10,30,000 | 1,03,000 | 28-03-2025 (11 am-2pm) | 26-03-2025 (upto 5pm) | 8197388148 |
| 2. | अजय कुमार मिश्रा, नीलम मिश्रा | फ्लैट नं. 305, खसरा नं. 238/10, दूसरी मंजिल, क्षेत्रफल 290 वर्गफुट, खसरा नं. 238/10 का भाग, स्थित-रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए), मौजा हीरापुर, वीर सावरकर नगर वार्ड, वार्ड नं. 01, प.ह.नं. 103, रा.नि.मं. रायपुर, छत्तीसगढ़ 491111 | 04-12-2023 | 4,51,563 | 11-11-2024 | 4,00,000 | 40,000 | 28-03-2025 (11 am-2pm) | 26-03-2025 (upto 5pm) | 8197388148 |
| 2. | मो. हासिम, पम्मी बेगम | प.ह.न. 105/61, ख.नं. 235/1/64, वार्ड नंबर 52, पुराना ख.नं. 235/1, नया ख.नं. 235/64, वेक मौजा मठपुरेना प.ह.नं. 105, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नंबर -52, रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 | 03-08-2023 | 14,57,737 | 09-01-2024 | 7,60,000 | 76,000 | 28-03-2025 (11 am-2pm) | 26-03-2025 (upto 5pm) | 8197388148 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-।** बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा, वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी प्रकार से किसी तीसरी पार्टी का दावा/अधिकार/बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांक: 13-03-2025 स्थान: रायपुर

द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड






# कार में बैठकर आनलाइन सट्टा खिला रहे तीन सटोरिये गिरफ्तार

**धमतरी।** दानीटोला नहरनाका के पास आम जगह पर कार खड़ी कर आनलाइन लाखों रूपये का सट्टा खिला रहे तीन आरोपियों को कोतवाली व साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। चेकिंग करने पर तीन लोग योगेश देवांगन पिता भीमराज 39 वर्ष निवासी चुरियापारा नगरी, रविन्द्र निषाद पिता अंकालु 39 वर्ष मराठापारा सिहावा निवासी व मुकेश जैन पिता डुंगरमल उम्र 50 वर्ष वार्ड क्रमांक 13 नगरी निवासी कार पर बैठकर लोगों से पैसों का दांव लगवाकर आनलाइन सट्टा खिलाते मिले। पुलिस ने तीनों को पकड़कर कोतवाली थाना में धारा 6, 11 छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2023 धारा के तहत अपराध दर्ज किया।

# पोस्ट आफिस में नौकरी लगाने ठगी, 4 गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पोस्ट आफिस में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चंद्रकांत पटेल निवासी अमलीडीह डोंगरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी प्रफुल्ल जैन, विजय साहू एवं पंकज कुशवाहा द्वारा मिलकर इसके लड़के संदीप पटेल की सरकारी नौकरी पोस्ट आफिस में लगवाने के नाम पर अलग-अलग तिथि 25 फरवरी 23 से 8 जनवरी 24 तक कुल 4,00000 रुपए नगदी लेकर पोस्ट आफिस में नियुक्ति का फर्जी आईडी कार्ड देकर धोखाधडी करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा-420, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों द्वारा सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड कुटकरण एवं प्रतिरूपण द्वारा तैयार कर धोखाधडी करने की नियत से प्रार्थी को देना पाए जाने से प्रकरण में धारा 419, 467, 468, 471, भादवि जोड़ी गई है।



## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 165510 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई के छत्तीसगढ़ राज्य को मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्य से जोड़ने हेतु कटेमा से लिंडाझारी (मुरकुडोह / मुड़कोड़) मार्ग में बाघ नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य । | 253.87 |
| 2 | 165516 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला बेमेतरा के रानो - चेचानमेटा सोहागपुर मार्ग लंबाई 6.75 कि. मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 710.00 |
| 3 | 165517 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला रायपुर के देवेन्द्र नगर में आंतरिक मार्गों का डामरीकरण लंबाई 5.00 कि.मी. निर्माण कार्य । संभाग क-1 रायपुर । | 296.76 |
| 4 | 165518 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला रायपुर के टेमरी आंतरिक मार्गों पर सी.सी. रोड लंबाई 5.00 कि.मी. निर्माण कार्य । संभाग क्र -1 रायपुर । | 288.34 |
| 5 | 165519 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला रायपुर के रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 एवं फेस-2 में डामरीकरण एवं कांक्रीटीकरण लं. 4.81 कि.मी. निर्माण कार्य । वास्तविक लंबाई 4.67 कि.मी. । संभाग क्र -1 रायपुर । | 276.35 |
| 6 | 165511 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | बहतराई से चांवल गोदाम सैदा तक मार्ग लंबाई 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 293.01 |
| 7 | 165512 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला रायपुर के देवपुरी बोरियाकला मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. ( वास्तविक लंबाई 1.50 कि.मी.) चौड़ीकरण निर्माण कार्य । | 228.68 |
| 8 | 165513 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला रायपुर के कांदुल मुर्रा मार्ग लंबाई 1.80 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य । (वास्तविक लंबाई 1.76 कि.मी.) । | 283.75 |
| 9 | 165514 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला रायपुर के खमतराई, गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत गुढ़ियारी चौक से रामनगर अंडरब्रिज तक डामरीकरण लंबाई 9.33 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 292.19 |
| 10 | 165515 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | मुख्य मार्ग से सिंघनपुर तक पहुंच मार्ग लंबाई 2.175 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 264.718 |
| 11 | 165521 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | पथर्री से डिंडौरी (डी- 2 केनाल) तक पहुंच मार्ग लंबाई 11.00 कि. मी. का निर्माण कार्य । | 1365.40 |
| 12 | 165530 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला सरगुजा के ग्राम पोड़िया से रेवापुर मार्ग के पोडिपा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 546.79 |
| 13 | 165503 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला बेमेतरा के अंतर्गत तहसील कार्यालय बेमेतरा, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) बेमेतरा, उपकोषालय एवं उप पंजीयक कार्यालय बेमेतरा में भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य । जमा कार्य । | 243.12 |
| 14 | 165504 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला बेमेतरा के ग्राम ठेलका विकासखण्ड साजा में नवीन उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सेप्टिक टेंक एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य । जमा मद । | 267.36 |
| 15 | 165544 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | बैजलपुर रजपालपुर नथेलपारा मार्ग लंबाई 2.675 कि.मी. चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य । | 376.41 |
| 16 | 165545 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | बिजराकांपा बैगाकांपा मार्ग लंबाई 2.15 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य। | 265.06 |
| 17 | 165546 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | बैजलपुर (चंदा के घर) से मेनरोड चिल्फी तक मार्ग लंबाई 3.425 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 360.389 |
| 18 | 165570 प्रथम आमंत्रण 05.03.2025 | जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी के नवागांव से घोड़ाझरी पेन्दोड़ी मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 363.23 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 से सं.क्र. 18 दिनांक **28.03.2025** निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

G-242505921/4

## कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
**Email:-cmodongargarh@rediffmail.com**

क्रमांक /1316/न.पा.प./ लो. कर्म / 2025 — डोंगरगढ, दिनांक 12/03/2025

**// निविदा संशोधन सूचना //**

कार्यालय द्वारा जारी निविदा पत्र क्रमांक/1237/ अधो. मद/न.पा.प./ 2025 डोंगरगढ़, दिनांक 06/03/2025 के अनुसार अधोसंरचना मद 2024 - 25 अंतर्गत विकास कार्य (कुल 05 ) का चतुर्थ निविदा आमंत्रित किया गया था। किन्तु चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना में विस्तृत तिथि एवं कार्य का उल्लेख नहीं होने के कारण इस अनुक्रम में निम्नानुसार निर्धारित तिथियों में चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना को संशोधित किया जाता है।

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 17/03/2025 कार्यालयीन समय तक
02. परिक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 19/03/2025 कार्यालयीन समय तक
03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 27/03/2025 दोपहर 3.00 बजे तक
04. निविदा खुलने की तिथि :- 27/03/2025 शाम 04.00 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (राशि लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 11 छिरपानी मुक्तिधाम में सौंदर्यीकरण कार्य । | 10.71 | 8100 | 750 | 4 माह | सक्षम श्रेणी |
| 2 | वार्ड क्रमांक 20 मो. जहीर से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 1.36 | 2000 | 300 | 3 माह | सक्षम श्रेणी |
| 3 | वार्ड क्रमांक 20 बोरतालाब रोड से देव सिन्हा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य । | 0.89 | 2000 | 300 | 3 माह | सक्षम श्रेणी |
| 4 | वार्ड क्रमांक 20 में आर. बी. सिंह के घर के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 0.99 | 2000 | 300 | 3 माह | सक्षम श्रेणी |
| 5 | वार्ड क्रमांक 20 में मोहन कोटले के घर से हठीले के घर तक तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 0.81 | 2000 | 300 | 3 माह | सक्षम श्रेणी |

टीपः- इसके अतिरिक्त निविदा संबंधी अन्य शर्ते पूर्ववत एवं समय यथावत रहेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़**

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in**
**(2nd Call)**

**NIT NO: 534/HELTH TH/NNR/2025** — **RAIPUR, DATED : 12/03/2025**

Online bids are invited for the following works up to Date 27/03/2025 at 17:30 hours.

| Sl. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable Amount of contract (In Lacs) | EMD Ammout | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165932 | सेन्ट्रल गैंग ग्रुप-सी (प्रशासक सेल/महापौर स्वच्छता सेल) मुख्यालय अंतर्गत सफाई कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 80 अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) रखे जाने बाबत। | रू. 132.69 | 99,600/- | 01 वर्ष |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 12/03/2025, 10:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Deatails and other documents.

**Note:-** (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) Contact No. 9907195923

**HEALTH OFFICER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

## Collector Office, (Jila Panchyat) District Bastar (C.G) (Jila Nirman Samiti)

**E - Procurement Tender Notice**
**SHORT NOTICE INVITING BIDS**

**NIT No. 20 /TS 270 /CGRRDA/2025** — **Bastar, Date 11/03/2025**


The Executive Engineer, Project Implementation Unit No. 01 Jagdalpur, Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY). Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Distt. Bastar invites online percentage rate tenders from approved and eligible bidders for following works sanctioned under Special Central Assistance (SCA) in Bastar District of Chhattisgarh State :-

| No. | Block | Name of Work | Estimated Cost (In Lakhs) | No. of Call | SOR Applied |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Darbha | Maintenance of Road Under PMGSY Kandanar to Muriyami Kadampara Length 3.00 Km | 196.63 | 1st call | SOR of PMGSY w.e.f. 22.02.2018 |
| 2 | Lohandiguda | Patelpara Sulenga to Baniyapara Road 3.00 m Span Slab Culverts | 26.16 | 1st call | SOR of PMGSY w.e.f. 22.02.2018 |

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. from 17.03.2025 after 17:30 hours.

**Nodal officer**
**(Jila Nirman Samiti) Executive Engineer, Project Implementation Unit No. 01 Jagdalpur, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, District Bastar**

S-43216/1



## न्यायालय तहसीलदार मोहला, जिला - मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्रं. 202409300100017 / अ-59 / 2024-25**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर महोदय जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के न्यायालय में मामला क्रमांक 202409300100017/ अ - 59 / वर्ष 2023-24 के आदेश पत्र दिनांक 18.09.2024 के अनुसार सहायक संचालक उद्यान विभाग का कार्यालय भवन निर्माण हेतु ग्राम माडिंगपिडिंग धेनु स्थित भूमि खसरा नंबर 378 रकबा 2.150 हे. भूमि में से 4000 - 5000 वर्ग फीट संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी रायपुर के नाम से भूमि आबंटित करने हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत आबंटित करने हेतु प्रकरण दर्ज किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति पेश करना हो तो स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मोहला के न्यायालय में दिनांक 21.03.2025 को कार्यालीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकतें है। पश्चात दावा-आपत्ति पर कोई विचार / सुनावई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 05.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर)

**तहसीलदार**
**मोहला (छ.ग.)**

G-242505926/1

## OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 302 दिनांक 24.12.2024, निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 332, 333 दिनांक 08.01.2025 एवं निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 337 दिनांक 10.01.2025 को अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

G-242505914/3

## कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर (छ.ग.)
**फोन 7775-266992 E-mail - dfosurajpur@gmail.com**

क्रमांक / स्था. ले. / 2025 / 1407 — सूरजपुर, दिनांक 07/03/2025


**भारी वाहन चालक एवं हल्का वाहन चालक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही हेतु वाहन चालन एवं मशीनरी ज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा**

छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परितवर्तन विभाग अंतर्गत वनमंडल सूरजपुर को आंवटित हल्के वाहन चालक के 02 एवं भारी वाहन चालकों के 04 पदो पर सीधी भर्ती के संबंध में प्रारंभिक प्रक्रिया उपरांत पात्र पाये गये प्रतिभागियों की सूची एवं प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट https://forest.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

हल्के एवं भारी वाहन चालक के पात्र प्रतिभागियों वाहन चालन एवं मशीनरी ज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा हल्का वाहन हेतु दिनांक 26.03.2025 से 05.04.2025 तक एवं भारी वाहन हेतु दिनांक 06.04.2025 से 09.04.2025 तक गोपालपुर मैदान वार्ड क्र. 01 सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. में प्रातः 09.00 बजे से आयोजित कि जावेगी।

**वनमण्डलाधिकारी**
**सूरजपुर वनमण्डल सूरजपुर**

G-242505910/3



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 6 नंदेलीभाटा - सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 165550 निविदा सूचना क्र. 13/व.ले.लि./ ई-प्रोक्युरमेंट / 2024-25, दि. 11-03-2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 28-03-2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

**कार्य का नाम - मिनीमाता ( हसदेव ) बांगो परियोजना अंतर्गत बरदुली वितरक नहर के आर. डी. 0.00 कि.मी. से 6.00 कि.मी. के मध्य क्षतिग्रस्त सी.सी. लाईनिंग, बैंक सुदृढ़ीकरण, पक्के संरचनाओं का मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य तथा आर. डी. 2.10 कि.मी. एवं 3.30 कि. मी. पर व्ही. आर. बी. निर्माण कार्य ।**

अनुमानित लागत : रू. 288.62 Lakhs

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.03.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथाडाउनलोड किये जा सकते हैं ।

नोटः- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगों नहर संभाग क्र. 6, नंदेलीभांठा - सक्ती**

G-242505913/1

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 11.03.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/CE/NH/TC / 44-05/2025 ( 1st Call ) | 2025_MoRTH_852792_1 | Construction of Balance Work, Widening To 2 Lane And Improvement of Nelasnar - Kodoli - Mirtur Gangaloor Road In Chhattisgarh. (33 to 52.50 = 20.00Km ) | Rs 678.94 Lacs |
| 2 | 09/CE/NH/TC / 44-06/2025 (1st Call) | 2024_MoRTH_852793_1 | Construction of H.L. Bridge i/c Approach Road Across in Km. 14/4, Km. 40/10, Km. 51/4 on Nelasnar - Kodoly - Mirtur Gangaloor Road (Blance Work). | Rs 370.97 Lacs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि हेतु दिनांक 26.03.2025 शाम 17.30 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S ) के ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

G-242505917/1

## हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

#### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** फैक्टरी, होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन 12000/- से 15000/- **संपर्कः-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल :- 7746000016, 8720005500.** (RO-3160)

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी सुपरवाइजर, सिक्योरिटी हेड गार्ड, सिक्योरिटी गार्ड की शीघ्र आवश्यकता है। **स्थान- तेलीबांधा, मोतीबाग, भाटागांव, सरोना, टाटीबंध, चंदनडीह। वेतन 8000-12000 तक। संपर्क :- 6261195599। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल संपर्क करें।** (RO-7054)

#### पैकिंग कार्य/ ड्राइवर

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। **संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 0771-4075490** (आरो-7053)

#### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** अनुभवी हैवी ड्राईवर चाहिए इंसुलेटेड गाड़ी चलाने के लिए वेतन-15000 से 20000 **संपर्क एम एम हेचरीस माना बस्ती 6265222373, 9669410004, 9754861172.** (RO-163)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

#### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य हेतु प्रशिक्षित, अप्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, जीएनएम पैरामेडिकल स्टाफ (OT), रिसेप्शनिस्ट, वार्ड आया की आवश्यकता है **मिले 10से 05 तक केजीएन चिकित्सालय फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर 9425502209, 9893042209.** (RO-7051)

#### सैलुन/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर शहर में सैलून के लिए एक पुरूष कर्मचारी की आवश्यकता है यूनिसेक्स सैलून स्टाफ को पुरूष/महिला सेवा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। रेस्टोरेन्ट के लिए शीघ्र आवश्यकता है साउथ इण्डियन और चायनीश कुक सैलरी योग्यतानुसार **संपर्क- 7389350110, 9301151523.** (RO-6246)

#### आवश्यकता

**Wanted-** Job vacancy In Refratory unit maroda Bhilai Work . quality control of refractory bricks shift duty Education required 12th, ITI , diploma graduate any . Should be willing to handle onsite industrial job. 10 post - **91793-65161.** (आरो नं.-698)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें:- 7439736348.** (RO-704)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### Services सर्विसेस

**सर्विस -** आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः-** APS इंटरप्राईजेस, रायपुर - 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

### Property प्रापर्टी

**मकान बेचना है-** धमतरी के विकासशील एंव हरेभरे क्षेत्र रूद्री रोड में सुमीत बाजार के पास आकाश गंगा हाऊसेस Phase-1 में गार्डन के समाने 2 BHK घर बेचना है। **संपर्क करें- 8889288003, 8770489005.** (RO-7055)







### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### Healthcare

**चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग**

यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है । ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है । क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है । यह रोग ही नही कारण को दूर करता है ।

रस-रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है । जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है ।


(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना ।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग । नोट् : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !

**वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर**
**आई.एस.ओ. सर्टिफाईड**
**सुविख्यात चिकित्सक**
**डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)**
**निशांत अग्रवाल**
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

## जैकेट के शेष

### भद्रा हटते ही .....

रात्रि 11 बजकर 26 मिनट के बाद ही होलिका दहन कर सकेंगे। होलिका दहन के लिए इस बार देर रात तक लोगों को इंतजार करना होगा। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर शुरू होगी और 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगी। होली के दिन चंद्रोदय संध्याकाल 6 बजकर 38 मिनट पर होगा। होलिका दहन का शुभ समय देर रात 11 बजकर 26 मिनट से लेकर देर रात 12 बजकर 30 मिनट तक है। इस दौरान होलिका दहन किया जाएगा। 13 मार्च को भद्रा का साया देर रात 11 बजकर 26 मिनट तक है।



### दोपहर से प्रारंभ ...

के सुखों की प्राप्ति होगी। होली के दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 7 मिनट से लेकर 12 बजकर 54 मिनट तक है।

### यज्ञ के भस्म से ...

गौशाला में होली के 5 दिन पहले गौसेवा पर आधारित मेला लगता है। कांडसर गौ सेवा केंद्र के गौसेवक बाबा उदयनाथ ने 17 साल पहले विश्व शांति ब्रह्म यज्ञ किया था। तब से होली के 4 दिन पहले हर साल इस यज्ञ की शुरुआत होती है। इस वर्ष 11 मार्च को कलश यात्रा व गौ अभिनंदन से यज्ञ की शुरुआत हुई है। 12 मार्च बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त सुबह पांच बजे से यज्ञ प्रारंभ हुआ, जो 13 मार्च गुरुवार को जारी रहा। इस दौरान युवा संस्कार, नारी शिक्षा, नशापान उन्मूलन, राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प रात्रि भजन, माला गायन, सत्संग प्रवचन एवं 14 मार्च शुक्रवार को होली पर्व के अवसर पर पूर्णाहूति, बाल भोग अर्पण और हवन कुण्ड के राख से ही तिलक लगाकर होली खेली जाएगी। गौ पूजा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**03 किलोमीटर तक कालीन, चलकर आती है गौमाता** : बताया जा रहा है कि गौ माता की पूजा-अर्चना के बाद यज्ञ शुरू होने से पहले गौ वंश को कांडसर गौशाला से मुख्य बस्ती तक लगभग 03 किलोमीटर का भ्रमण कराया जाता है। बाबा के अनुयायी गौ माता के जयकारे लगाते हुए गाजे-बाजे के साथ गांव भ्रमण पर निकलते हैं। गौ माता की राह में गांवभर में सफेद कपड़ों की कालीन बिछाई जाती है, इसी कपड़े पर गौवंश चलते हैं। जगह-जगह गौ वंश का स्वागत पूजा अर्चना के साथ किया जाता है। बाबा उदयनाथ ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि इस आयोजन का मकसद गौ वंश की रक्षा व उसके प्रति आस्था को बनाए व बढ़ाए रखना है। यहां दूर दराज से लोगों की भीड़ व 30 हजार से भी ज्यादा अनुयायी यज्ञ में जुटेंगे।

**इस वर्ष सदाबहार पुष्प, तितलीरानी, अन्नराजा धानवृक्ष है मुख्य अतिथि** : अलेख ब्रह्म उपासक बाबा उदयनाथ द्वारा संचालित कांडसर स्थित गौ शाला में मनाए जाने वाली अनूठी ही नहीं, प्रकृति प्रेम जगाने वाली होली की शुरूवात 11 मार्च को अतिथि सत्कार के साथ हो गई है। होलिका दहन के तीन दिन पूर्व शुरू होने वाले यज्ञ में भ्रमण कर लौटने वाली गाय अतिथि होती हैं, इनके साथ तीन और अतिथि का चयन होता है। जिन्हें तीन दिवस तक मूख्य मंच पर विराजमान किया जाता है। इस बार की यह तीन अतिथि सदाबहार पुष्प, तितलीरानी, अन्नराजा धानवृक्ष है।

### हवन कुंड में ...

जाता है। यज्ञ का समापन होली पर्व पर की सुबह पूर्णाहूति के साथ होगा। इसके बाद हजारों की संख्या में मौजूद अनुयायी पूर्णाहूति की राख का तिलक लगाकर होली खेलेंगे। गरियाबंद के अलावा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, कांकेर, धमतरी व महासमुंद जिले सहित ओडिशा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे है।

### भारतमाला घोटाला ईओडब्लू ...

जांच ईओडब्लू करेगी। **विधेयकों का अनुमोदन**: कैबिनेट ने कुछ विधेयकों का अनुमोदन किया है। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक-2025, छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक-2025 छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने 27 फरवरी को फिल्म छावा को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की थी। मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में फिल्म छावा के प्रदर्शन पर प्रवेश हेतु देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक योजना तैयार करने के लिए राज्य जल सूचना केन्द्र का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की सहमति प्रदान की गई।

### बलूच आर्मी-पाक सेना में जंग...

अधिकारियों ने बताया कि नौ डिब्बों में लगभग 400 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी तभी विद्रोहियों ने विस्फोटकों का इस्तेमाल कर ट्रेन को बेपटरी कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया। 'बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी' (बीएलए) ने मंगलवार को इस हमले की जिम्मेदारी ली थी और छह जवानों को मारने का दावा किया था। लेफ्टिनेंट जनरल शरीफ ने बताया कि 11 मार्च को दोपहर करीब एक बजे विद्रोहियों ने ओसीपुर के बोलन दर्रे इलाके में रेलवे पटरी पर धमाका किया और ट्रेन में सवार सभी यात्रियों को बंधक बना लिया। उन्होंने कहा, सेना, वायुसेना, फ्रंटियर कोर और स्पेशल सर्विसेज ग्रुप के कमांडो की भागीदारी के साथ बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान, विद्रोही सैटेलाइट फोन के माध्यम से अफगानिस्तान में अपने मददगारों और आकाओं के संपर्क में रहे, जिससे उनके विदेशी गठजोड़ का पता चलता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को अभियान पूरा करने में समय लगा, क्योंकि आतंकवादी बंधकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल शाम तक लगभग 100 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया था तथा बुधवार को महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में बंधकों को मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया, बचाव अभियान जारी रहा, और आज शाम को सभी शेष बंधकों को सुरक्षित छुड़ा लिया गया। चूंकि आतंकवादी यात्रियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे, इसलिए अभियान अत्यधिक सावधानी के साथ चलाया गया। शरीफ ने कहा कि घटनास्थल पर मौजूद सभी विद्रोहियों को मार गिराया गया है, हालांकि बम निरोधक दस्ते द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार क्षेत्र और ट्रेन को अभी भी खाली कराया जा रहा है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सभी बंधकों को सफलतापूर्वक बचाने और हमले में शामिल सभी 33 विद्रोहियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की।

## पेज एक के शेष

### उत्तरप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ में...

निकलेंगे। इस दौरान होली भी खेली जाएगी। ऐसे में किसी से विवाद की स्थिति न बने, इसलिए नमाज की टाइमिंग बदली गई है। इधर,छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता सलीम रिजवी ने हिंदू और मुस्लिम समुदाय से होली के दिन विवाद ना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बहुत से मस्जिद के मुतवल्लियों और कमेटियों ने दोपहर 2 बजे के बाद नमाज का वक्त रखा है। यही अच्छी बात है।

### शराब घोटाले में पूर्व मंत्री...

लखमा की पूरी तरह से संलिप्तता है। लखमा को शराब घोटाला से हर माह डेढ़ करोड़ रुपए की धनराशि मिलती थी। आरोप है कि कवासी लखमा दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के बदले 50 लाख रुपए तक की राशि वसूल करते थे। आबकारी मंत्री पर आरोप है कि वे दस्तावेजों को बगैर पढ़े हस्ताक्षर कर देते थे।

## सिंगापुर : भारवंशी को साढ़े 10 साल की कैद

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 2007 में 16 वर्षीय लड़के का यौन उत्पीड़न करने के मामले में साढ़े 10 साल से ज्यादा कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजन ने बताया कि रंजीत प्रसाद को अदालत ने अप्राकृतिक यौनाचार का दोषी पाया है।

'स्ट्रेट्स टाइम्स' की सोमवार की खबर के मुताबिक, अदालत ने तीन मार्च को अपना फैसला सुनाया और अपराधी को 10 साल छह महीने की सजा सुनाई। व्यक्ति ने 2007 में लड़के के साथ दुष्कर्म किया था। प्रसाद ने मामले में अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने का फैसला किया है। जिला न्यायाधीश जॉन नग ने प्रसाद को सजा सुनाते समय इस बात को ध्यान में रखा कि दोषी ने अपने पद का दुरुपयोग किया है। जो पहले 'पीपुल्स एसोसिएशन' (पीए) में युवाओं के साथ काम करता था। पीए यहां सामाजिक सेवाएं संचालित करने वाली एक सरकारी संस्था है।

## कार्यालय नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

क्रमांक / 734 / लो.नि.वि/न.पं. / 2024-25 डौ. लोहारा दिनांकः 12/03/2025

**।। रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) सूचना ।।**

नगर पंचायत डौण्डीलोहारा द्वारा **"स्वच्छ श्रृंगार योजना"** के तहत निकाय के 04 सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव तथा संचालन हेतु शासन द्वारा स्वीकृत 04 शौचालय का 60000.00 रू. मासिक दर पर निर्धारित अर्हताधारी अशासकीय संगठनों/ स्व-सहायता समूहों, एन.जी.ओ. से रूचि की अभिव्यक्ति त्रि-लिफाफा पद्धति में दिनांक 28.03.2025 तक समय 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से आमंत्रित की जाती है, रूचि की अभिव्यक्ति को दिनांक 28.03.2025 समय 4.00 बजे के बाद उपस्थित संगठनों/स्व-सहायता समूहों एन.जी.ओ. के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा। आवेदन के साथ वार्षिक धरोहर राशि 5000.00 प्रति शौचालय हेतु एफडीआर / डीडीआर के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। एन.जी.ओ. को लिफाफा "अ" में धरोहर राशि लिफाफा "ब" में शौचालयों के रख-रखाव हेतु आवेदन/सहमति, एन.जी.ओ. के अर्हता / कार्य अनुभव संबंधी दस्तावेज एवं लिफाफा "स" में "अ" एवं "ब" को बंद कर प्रस्तुत करना होगा। नियम एवं शर्ते तथा विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास की विभागीय वेबसाईट में www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है।

"स्वच्छ नगर, स्वच्छ डौण्डीलोहारा सम्पूर्ण कर समय पर अदा करें"

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत डौण्डीलोहारा**
**जिला - बालोद (छ.ग.)**

## Rani Avanti Bai Lodhi College of Agriculture and Research Station
**Chhuikhadan Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya**
**Dist: Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai (CG)**
Email: cars.chhuikhadan@igkv.ac.in

**No. CARS-CKN/ Research /2024-25/ 1928 Chhuikhadan, Dated: 12/03/2025**

**WALK-IN-INTERVIEW**

Interested eligible candidates are invited to appear in a Walk-in- Interview for Guest Scientist on contractual basis in the disciplines of Agronomy (01). & Horticulture (01) under Betel Vine Research Centre, Rani Avanti Bai Lodhi College of Agriculture & Research Station, Chhuikhadan.


**Last Date for submission of Application Form:** 24/03/2025 (before 5.00 PM) to The Office of the Dean, Rani Avanti Bai Lodhi, College of Agriculture & Research Station, Chhuikhadan, KCG - 491 885(CG) or through E-Mail: cars.chhuikhadan@igkv.ac.in.

**Date and Time for Interview:** 03/04/2025 (11:00 AM onwards)

**Venue of Interview:** Rani Avanti Bai Lodhi College of Agriculture & Research Station, Near Naveen Mangal Bhawan, State Highway 05, Chhuikhadan, Dist: KCG-491 885 (CG)


Detail information regarding Qualification, Application Form, Pay and other terms & conditions can be seen on College Notice Board and University Website www.igkv.ac.in

**Dean**
**RABL CARS**
**Chhuikhadan (CG)**



## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार रायपुर के अधीनस्थ कार्यालय के शासकीय दो पहिया वाहन संख्या 9 तथा चार पहिया वाहन संख्या 05 की नीलामी दिनांक 25/03/2025 को पूर्वाहन 11 बजे भारत सरकार, गृह मंत्रालय, सहायक आसूचना ब्यूरो, कार्यालय संयुक्त निदेशक, न्यू स्वागत विहार के पास, डुण्डा, पुराना धमतरी रोड, रायपुर- 492015, में किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/पार्टी जो वाहन को खरीदना चाहते हैं वे उपर्युक्त पते पर आकर वाहन को देखकर धरोहर राशि नकद रु. 2000/- प्रति दो पहिया तथा रु. 5000/- प्रति चार पहिया वाहन, दिनांक 21/03/2025 को संध्या 5 बजे तक उपर्युक्त पते पर जमा कर सकते हैं। नियत समय के उपरांत किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। समस्त प्रक्रिया में इस कार्य के लिए गठित समिति का निर्णय अंतिम होगा।



## कार्यालय कलेक्टर, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**क्रमांक—/ 744/भू-अर्जन / 2025 /** **बलौदाबाजार-भाटापारा, दिनांक 16/01/2025**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम क्रमांक - 1 से 5 में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम -7 में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा ) की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम क्रमांक-6 में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता हूँ ।

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.नं. | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे. में) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| बलौदाबाजार – भाटापारा | सिमगा | ग्राम-दामाखेड़ा प.ह.नं.-08 | | | कार्यपालन अभियंता, म.ज.प. डिसनेट संभाग क्रमांक 03, तिल्दा-नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.) | | चक्रवाही वितरक नहर के लिमतरा माईनर नहर निर्माण हेतु |
| खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल |
| 151, 152, 2339 | 0.188 | 157/3, 158/5 | 0.126 | 636/1, 637/1 | 0.119 | 644/1 | 0.117 |
| 154/1 | 0.028 | 632/1 | 0.161 | 637/2, 639/1 | 0.129 | 739/1 | 0.363 |
| 155, 158/6 | 0.154 | 633/3 | 0.041 | 640/2 | 0.112 | - | - |
| 157/1, 158/3 | 0.133 | 633/4 | 0.038 | 641/2 | 0.113 | - | - |
| 157/2, 158/4 | 0.094 | 634/2 | 0.081 | 643 | 0.030 | - | - |
| | | | | कुल योग :- 17 नग खसरा | | | रकबा 2.027 हेक्ट. |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में से कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस आशय के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा । 3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी ( रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, सिमगा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है । 5. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया हैं । 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी ( रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में प्रशासक नियुक्त किया गया है।

*छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार*

**कलेक्टर,**
**जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा एवं पदेन उप सचिव,**
**छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

G-242505902/1

## कार्यालय कलेक्टर, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**क्रमांक / 762/भू-अर्जन / 2025 /** **बलौदाबाजार-भाटापारा, दिनांक 17/01/2025**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम क्रमांक - 1 से 5 में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम -7 में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा ) की धारा - 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम क्रमांक-6 में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता हूँ ।

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.नं. | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे. में) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| बलौदाबाजार – भाटापारा | सिमगा | ग्राम-औरेठी प.ह.नं.-16 | | | कार्यपालन अभियंता, म.ज.प. डिसनेट संभाग क्रमांक 03, तिल्दा-नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.) | | सिमगा वितरक नहर के माईनर क्रमांक-02 के सब माईनर क्रमांक-03 नहर निर्माण हेतु |
| खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल | खसरा | क्षेत्रफल |
| 124 | 0.118 | 298/2 | 0.021 | 343/2 | 0.086 | 446/1 | 0.015 |
| 125/1 | 0.088 | 443/5 | 0.052 | 343/3 | 0.036 | 446/2 | 0.053 |
| 125/2 | 0.010 | 299/1 | 0.040 | 467/2 | 0.033 | 446/4 | 0.015 |
| 126/1 | 0.001 | 299/2 | 0.029 | 472/2 | 0.003 | 448/1 | 0.007 |
| 129 | 0.001 | 303/1 | 0.117 | 352/1 | 0.067 | 448/2 | 0.045 |
| 131/2 | 0.002 | 303/2 | 0.005 | 352/2, 356/4 | 0.047 | 466/1 | 0.010 |
| 149/1 | 0.404 | 304 | 0.034 | 352/5 | 0.031 | 467/3 | 0.072 |
| 447 | 0.028 | 305/1 | 0.016 | 352/6 | 0.007 | 468/1 | 0.100 |
| 149/17 | 0.068 | 305/2 | 0.063 | 356/3 | 0.057 | 470 | 0.084 |
| 150/5, 150/6 | 0.118 | 338/2 | 0.001 | 353 | 0.003 | 471/1 | 0.017 |
| 151 | 0.124 | 340/2 | 0.015 | 355 | 0.115 | 486/1 | 0.039 |
| 295/1 | 0.110 | 338/9 | 0.033 | 356/1 | 0.071 | 486/2 | 0.085 |
| 295/2 | 0.007 | 338/12 | 0.229 | 359/2 | 0.049 | 581/9 | 0.002 |
| 297/1 | 0.065 | 340/3 | 0.043 | 359/5 | 0.016 | 597/2 | 0.034 |
| 295/4 | 0.043 | 340/4 | 0.011 | 443/3 | 0.074 | 597/3 | 0.102 |
| 297/4 | 0.069 | 340/5 | 0.083 | 443/4 | 0.064 | 598 | 0.034 |
| 297/3 | 0.004 | 340/7 | 0.030 | 444/3 | 0.005 | - | - |
| | | | | कुल योग :- 67 नग खसरा | | | रकबा 3.560 हेक्ट. |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में से कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस आशय के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा । 3. भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी ( रा० ) एवं भू-अर्जन अधिकारी, सिमगा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है । 5. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया हैं । 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में प्रशासक नियुक्त किया गया है।

*छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार*

**कलेक्टर,**
**जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा एवं पदेन उप सचिव,**
**छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग**

G-242505908/2

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

# हरियाणा के निगम चुनाव में बजा भाजपा का डंका: 10 में से 9 निगमों में खिला कमल, मानेसर में निर्दलीय जीता

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे घोषित होगए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया।



इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था। वहीं, भाजपा रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद नगर निगम में मेयर का चुनाव जीत गई है। कांग्रेस सभी निगमों में कुछ नहीं कर पाई। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना की नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा के डॉ. संजय जांगड़ा ने जीत दर्ज की है। फतेहाबाद जिले की जाखल मंडी नगर पालिका में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कुमार चेयरमैन बन गए हैं।

हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। बताया जा रहा है कि इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था।

**कांग्रेस का हाथ हो गया 'अनाथ'**

करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद में मेयर चुनाव जीती

## रोहतक में भाजपा ने दी कांग्रेस को मात



नगर निगम मेयर के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। 3 बार कलानौर हलके से विधानसभा चुनाव हार चुके पार्टी के मेयर प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि ने कांग्रेस प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45 हजार 191 हजार वोटों के अंतर से मात दी। खास बात यह रही कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट बाहुल्य वार्डों में जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, वहां भाजपा मेयर चुनाव में भारी पड़ी। नॉन जाट बहुल वार्डों में तो कांग्रेस को करारी हार मिली है। 13 राउंड चली मतगणना में कांग्रेस भाजपा को एक भी राउंड में नहीं हरा सकी।

## हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं गए

निगम चुनाव में भाजपा ने जहां पूरा जोर लगाया, जबकि कांग्रेस में उत्साह नजर नहीं आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं आए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा व शकुंतला खटक ही अपने हलकों में प्रचार करते दिखे। मुख्यमंत्री नायब सैनी न केवल मेयर प्रत्याशी का नामांकन कराने आए, बल्कि रोहतक से ही निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री अरविंद शर्मा, कृष्णलाल पंवार, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्णलाल मिड्ढा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने प्रचार में भाग लिया।

### भाजपा की नीतियों की जीत : रामअवतार

नवनिर्वाचित मेयर नगर निगम रोहतक रामअवतार ने कहा कि रोहतक शहर की जनता ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। साथ ही केंद्र व राज्य के बाद शहर में भी भाजपा की सरकार बनी है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार शहर का विकास लगातार करवाएगी। जीत की एक वजह केंद्र व राज्य में चल रही भाजपा सरकार की नीतियों व विकास कार्य भी हैं।

---

## खबर संक्षेप

### आप सरकार में एलजी पर केस होंगे वापस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद फैसलों में बदलाव दिखने लगा है। नई सरकार ने उपराज्यपाल (एलजी) से जुड़े कानूनी मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है और कई केस वापस लेने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है माना जा रहा जल्द ही विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।



### ममता के मंत्री ने 'ईडन' को बताया वक्फ संपत्ति

**कोलकाता।** वक्फ को लेकर ममता सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने एक दावा किया है। उन्होंने कह कि कलकत्ता का मशहूर क्रिकेट स्टेडियम ईडन गार्डन और फोर्ट विलियम वक्फ बोर्ड की संपत्ति थी। सीएबी ने जब इस पर कब्जा किया। 150 रुपए किराया वक्फ बोर्ड को मिलता था। चौधरी जिस सीएबी की बात कर रहे हैं वह ब्रिटिश काल में बनाई गई थी।



### बीईएल के साथ 2906 करोड़ का समझौता

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद (बीईएल) के साथ 2 हजार 906 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके जरिए वायुसेना के लिए लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार (अश्विनी) की खरीद की जाएगी।

---

## संसद में तीन भाषा नीति को लेकर तनातनी बढ़ी

# शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा विवाद के बजाए समाधान तलाशा जाए

### भाजपा सांसद ने कहा- गलतफहमियों को बातचीत से दूर करना चाहिए

विपक्ष ने किया जमकर हंगामा सरकार ने समझाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में जमकर हंगामा हो रहा है। विपक्ष ने सरकार को मतदाता पहचान पत्र में गड़बड़ी के आरोपों, अमेरिका की टैरिफ से जुड़ी धमकियों, परिसीमन और मणिपुर जैसे मुद्दों पर घेर रखा है। इसके जवाब में सरकार ने विपक्षी नेताओं के बयानों को मुद्दा बना लिया है। भाजपा सांसद पात्रा ने संसद में एनईपी के तहत 3-भाषा नीति को लेकर हो रहे हंगामे पर कहा कि शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। इस पर इतना हंगामा मचाने के बजाए सबसे अच्छा है कि शिक्षा मंत्रालय और उन राज्यों के बीच परामर्श और बातचीत हो, जिन्हें इससे दिक्कत है। कुछ राज्यों में तीन भाषा नीति को लेकर समस्या है, उनके राजनीतिक प्रतिनिधियों और सरकार को एक साथ आने और कोई समाधान तलाशने की जरूरत है। अगर कोई गलतफहमी है, तो उसे दूर किया जाना चाहिए।

**ये मुद्दे भी उठाए गए**

- ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी पर नियम बनाना राज्य सरकार का काम
- अवैध कोयला खनन का मुद्दा



### विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया

लोकसभा में पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस सांसद ने पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सरकार पर अडाणी के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। गुजरात के खावड़ा में स्थापित किए जा रहे अक्षय ऊर्जा संयंत्र के मुद्दे पर असंतुष्ट कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने वॉकआउट किया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने पूछा कि क्या खावड़ा में लगाए जा रहे संयंत्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रोटोकॉल में कोई ढील दी गई है? केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जब भी किसी परियोजना को मंजूरी दी जाती है तो केंद्र, राज्यों एवं अन्य संबंधित निकायों से समस्त आवश्यक लाइसेंस आदि प्राप्त किए जाते हैं। नारेबाजी के बाद कांग्रेस, डीएमके और एनसीपी (एसपी) समेत विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया।

### नई शिक्षा नीति में भाषा को विवाद बनाना गलत: ओराम



केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने एनईपी के तहत 3-भाषा नीति पर संसद में हो रहे हंगामे पर कहा किकांग्रेस जब पहली बार सत्ता में आई थी, तब बहुत पहले ही हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद यह कहा गया है कि आप अपनी मूल भाषा में भी काम कर सकते हैं लेकिन हिंदी को भी कुछ प्रमुखता दें, बस इतना ही कहा गया है। यह व्यक्तिगत रुचि का मामला है कि कौन किस भाषा में पढ़ेगा और काम करेगा।

### कोई भी व्यक्ति कई भाषाएं सीख सकता है: सुधा मूर्ति



राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि देश के सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं। 3-भाषा नीति को लेकर हो रहे हंगामे पर उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कोई भी व्यक्ति कई भाषाएं सीख सकता है और मैं खुद 7-8 भाषाएं जानती हूं। बच्चे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

### तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक पारित

तेल और गैस की खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानून में संशोधन करने और इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम परिचालन को खनन परिचालन से अलग करने के लिए एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया गया। सरकार ने जोर देकर कहा कि वह राज्यों के अधिकारों को नहीं छीनेगी या तेल क्षेत्र में निजी या सार्वजनिक संस्थाओं को तरजीह नहीं देगी। तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 लोकसभा में पारित हुआ।

**अब सोमवार को होंगी बैठकें**

लोकसभा और राज्यसभा की बैठकें होली की पूर्व संध्या पर 13 मार्च को नहीं होंगी। इस संबंध में दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समितियों के निर्णय लेने के बाद यह तय किया गया। दोनों सदनों ने 14 मार्च को होली के त्योहार को लेकर पहले ही अवकाश घोषित कर दिया है।

### राज्यसभा में डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र का उठा मुद्दा



राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी दलों ने मतदाता पहचान पत्र क्रमांक संख्या में दोहराव का मुद्दा उठाया गया और निर्वाचन आयोग से इस 'गड़बड़ी' की जांच करने तथा तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा ने शून्यकाल के तहत इस मुद्दे का उठाते हुए कहा कि यह एक प्रश्न ऐसा है जो पिछले कुछ वर्षों से ना सिर्फ राजनीतिक दलों को बल्कि आम नागरिक को भी उद्वेलित कर रहा है।

---

## भारत भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों का सहयोगी रहा

मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल भारत पहुंचा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जस्टिन टोकेली के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल भारत दौरे पर है। इस शिष्टमंडल ने मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बिरला और मेडागास्कर संसदीय शिष्टमंडल के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई।

- स्पीकर बिरला ने की द्विपक्षीय वार्ता

इस दौरान बिरला ने शिष्टमंडल को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और संसदीय समितियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक के दौरान भारत और मेडागास्कर के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और आपसी संपर्क का सैकड़ों वर्षों का इतिहास रहा है। मेडागास्कर, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है, और दोनों देशों की साझेदारी क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक है।

### हम 'सागर' को प्राथमिकता दे रहे

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि भारत हमेशा भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार है और इसके लिए 'सागर'( सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रिजन) दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत आपदा के समय अपने पड़ोसी देशों की मदद करने में हमेशा अग्रणी रहा है और 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार) के सिद्धांत का पालन करता है।

### 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला

इसके अलावा बिरला ने लोक सभा के प्रशिक्षण संगठन 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला और मेडागास्कर के सांसदों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश की। उन्होंने कहा कि यह पहल दोनों देशों के संसदीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी और उनके सांसदों को संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारतीय संसदीय दल के कई सांसदों, जिनमें रवि किशन भी शामिल रहे।

---

## भारत-मॉरीशस की साझेदारी को उन्नत रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच बुधवार को मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुइस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीन चंद्र रामगुलाम के बीच एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें शीर्ष नेताओं ने दोनों देशों की साझेदारी को एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने के लिए अपनी सहमति प्रदान की और एक साझा विजन भी सबके सामने रखा। जिसमें दोनों पक्षों की बातचीत को व्यापक और उत्पादक बताया गया। एक खुले हुए, स्वतंत्र, सुरक्षित आईओआर के लिए दोनों ने साझी प्राथमिकता जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में मॉरीशस के नए संसद भवन के निर्माण में सहयोग देने की घोषणा करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जननी की ओर से मॉरीशस को भेंट होगी।

## पहली बार पूजा- अर्चना...



**पूर्व बर्धमान।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में बुधवार को दलित परिवारों के प्रतिनिधियों ने पहली बार गिधेश्वर शिव मंदिर के अंदर कदम रखा।

## ग्रीनलैंड में ट्रंप को झटका 'विरोधी' पार्टी ने जीता चुनाव

**नुक (ग्रीनलैंड)।** ग्रीनलैंड में मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी विचारधारा वाली 'डेमोक्रेटिट पार्टी' ने सबसे अधिक वोट हासिल कर देश के संसदीय चुनाव में जीत दर्ज की है। ग्रीनलैंड पर नियंत्रण के संबंध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बीच ये चुनाव हुए। 'डेमोक्रेटिट' और दूसरे स्थान पर रही पार्टी नालेराक - 'पॉइंट ऑफ ओरिएंटेशन', दोनों ही डेनमार्क से स्वतंत्रता की पक्षधर हैं, लेकिन इसे लेकर दोनों में मतभेद हैं। वर्षों से इस क्षेत्र पर शासन करने वाली पार्टियों पर 'डेमोक्रेटिट' की अप्रत्याशित जीत से यह संकेत मिलता है कि ग्रीनलैंड में कई लोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सांस्कृतिक विरासत और अन्य सामाजिक नीतियों के प्रति भी उतने ही चिंतित हैं। फरवरी में प्रधानमंत्री म्यूट बोरुप एगेडे ने चुनाव की घोषणा निर्धारित समय से थोड़ा पहले की थी। उन्होंने कहा था कि देश को ऐसे 'गंभीर समय' में एकजुट होने की जरूरत है जो ग्रीनलैंड ने पहले कभी अनुभव नहीं किया है।



---

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।


**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

---

## शब्द पहेली - 5805



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5804 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5815

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5814 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# इक्विटी एमएफ में निवेश 26 फीसदी घटा, एसआईपी 3 माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच स्मॉलकैप एवं मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से फरवरी के दौरान म्यूचुअल फंड योजनाओं में प्रवाह 26 प्रतिशत गिरकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

- योजनाओं में प्रवाह घटकर 29 .303 करोड़ रुपए रह गया

इक्विटी फंड के निवेश में गिरावट का यह लगातार दूसरा महीना है। हालांकि, लगातार 47वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है। इसके साथ ही व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के तौर पर फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो तीन महीने का निचला स्तर है।

## एसआईपी तीन महीने के निचले स्तर पर

### एसआईपी प्रवाह 26, 459 रहा

इससे पहले जनवरी में एसआईपी प्रवाह 26,400 करोड़ रुपये और दिसंबर में 26,459 करोड़ रुपये रहा था। मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) में वितरण और रणनीतिक गठबंधन प्रमुख सुरंजना बोरठाकुर ने कहा, "एसआईपी प्रवाह में कमी आई है लेकिन यह गिरावट महत्वपूर्ण नहीं है। इसकी वजह यह है कि फरवरी का महीना जनवरी के मुकाबले आंशिक रूप से छोटा होता है।"

*इक्विटी में प्रवाह काफी कम रहा : एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी में निवेश करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं में पिछले महीने 29,303 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी में दर्ज 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर, 2024 में दर्ज 41,156 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी कम है।*




**मिडकैप व स्मॉल कैप में रही गिरावट :** निवेशक सतर्क लेकिन स्थिर दृष्टिकोण अपना रहे हैं और अपने पोर्टफोलियो का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड निवेश में तीव्र गिरावट की मुख्य वजह मिडकैप और स्मॉल-कैप कोष में होने वाले निवेश में आई कटौती रही।

### निवेश की गति धीमी रही

बाजार की अनिश्चितता बढ़ने और शेयर कीमतों में खासी गिरावट के कारण पिछले महीने की तुलना में निवेश की गति धीमी रही। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक नेहल मेश्राम ने कहा, अल्पकालिक प्रतिकूल परिस्थितियों ने निवेश प्रवाह को धीमा कर दिया है, लेकिन घरेलू निवेशकों का भरोसा मजबूत बना हुआ है।

### लार्जकैप के निवेश में रही गिरावट

लार्जकैप फंड में कुल निवेश भी हल्की गिरावट के साथ 2,866 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी में 3,063 करोड़ रुपये था। इक्विटी श्रेणियों में क्षेत्र या विषयवस्तु आधारित फंड में सबसे अधिक 5,711 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जिसके बाद फ्लेक्सी कैप फंड में 5,104 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

### ईटीएफ में निवेश घटा

इक्विटी के अलावा गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश भी घटकर 1,980 करोड़ रुपये रहा जबकि जनवरी में यह 3,751 करोड़ रुपये था। बॉन्ड-आधारित डेट फंड में फरवरी के दौरान 6,525 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई जबकि जनवरी में इसमें 1.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था।

## खबर संक्षेप

### ईंधन क्षमता 600 गीगावाट करने की जरूरत : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन यानी स्वच्छ ईंधन आधारित क्षमता को 600 गीगावाट तक बढ़ाने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें 377 गीगावाट सौर ऊर्जा, 148 गीगावाट पवन ऊर्जा, 62 गीगावाट जलविद्युत और 20 गीगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल होगी।

### वर्ष 2024-25 के लिए देश का चीनी उत्पादन 19% घटेगा



**नई दिल्ली।** भारत का चीनी उत्पादन सितंबर को समाप्त होने वाले 2024-25 सत्र में 19 प्रतिशत घटकर 2.58 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले सत्र के 3.19 करोड़ टन के उत्पादन से कम है। नवीनतम अनुमान एआईएसटीए के दो करोड़ 65.2 लाख टन के पहले के उत्पादन अनुमान की तुलना में 7.2 लाख टन कम है।

### रुपया दो पैसे बढ़कर 87.19 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** शुल्क अनिश्चितताओं और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कुछ सुधार के कारण अस्थिर वैश्विक धारणा के बीच बुधवार को रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 87.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी रुपये को प्रभावित किया और घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली दबाव और विदेशी कोषों की निकासी ने इसकी बढ़त को सीमित कर दिया।

### कपास उत्पादन का अनुमान घटाकर किया 295 लाख गांठ



**मुंबई।** भारतीय कपास संघ (सीएआई) ने कम उपज की वजह से 2024-25 सत्र के लिए अपने कुल उत्पादन अनुमान को घटाकर 295.30 लाख गांठ कर दिया है। वर्ष 2023-24 के पूर्ववर्ती मौसम के दौरान, कपास का उत्पादन 327.45 लाख गांठ का हुआ था। फरवरी-अंत 2025 तक कुल कपास की आपूर्ति 275.76 लाख गांठ रहने का अनुमान है।

### भर्ती परिदृश्य अप्रैल-जून के लिए 43 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय नियोक्ताओं ने इस कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही में वैश्विक स्तर पर नई भर्तियां करने का मजबूत इरादा जताया है जिससे शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 43 प्रतिशत रहा। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के मुताबिक, भारत वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए वैश्विक शुद्ध रोजगार परिदृश्य (43 प्रतिशत) में अग्रणी बना हुआ है। यह वैश्विक औसत से 18 अंक अधिक है।

### कॉग्निजेंट ने पात्र कर्मियों को बोनस पत्र जारी किया




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कॉग्निजेंट ने पात्र कर्मचारियों के लिए 85-115 प्रतिशत की सीमा में बोनस भुगतान के बारे में सूचित करने वाले पत्र जारी करना शुरू कर दिया है। अधिकांश सहयोगी (कर्मचारी) बोनस भुगतान के लिए पात्र हैं। इस संबंध में बयान लेने के लिए कंपनी को ईमेल भेजा गया, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला। कॉग्निजेंट ने इस सप्ताह 2024 के लिए बोनस भुगतान के बारे में सूचित करने वाले ईमेल भेजना शुरू कर दिया है।

## खुदरा महंगाई फरवरी में घटकर 3.61 प्रतिशत पर

# होली से पहले मिली खुशखबरी, महंगाई सात महीने के निचले स्तर पर पहुंची

- सब्जियां, अंडे एवं प्रोटीनयुक्त उत्पाद हुए सस्ते
- जनवरी माह में खुदरा महंगाई 4 .26 फीसदी पर रही
- जुलाई, 2024 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सब्जियों, अंडे एवं अन्य प्रोटीन-युक्त उत्पादों की कीमतों में नरमी आने से फरवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी माह में 4.26 प्रतिशत और फरवरी, 2024 में 5.09 प्रतिशत रही थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर जुलाई, 2024 में देखा गया था।

### ब्याज दर में और कटौती की गुंजाइश

नवंबर, 2024 से ही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सुविधाजनक दायरे में बना हुआ है। इससे आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगले महीने होने वाली द्विमासिक बैठक में नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती की गुंजाइश बनती हुई दिख रही है।

### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा, "जनवरी की तुलना में फरवरी, 2025 की मुख्य मुद्रास्फीति में 65 आधार अंक की कमी आई है। जुलाई, 2024 के बाद यह सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी महीने में सालाना आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति 3.75 प्रतिशत रही।

### खाद्य मुद्रास्फीति में बड़ी गिरावट

एनएसओ ने कहा, "जनवरी के मुकाबले फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति में 2.22 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई है। फरवरी की खाद्य मुद्रास्फीति मई, 2023 के बाद सबसे कम है। फरवरी के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस और मछली, दालों और उत्पादों, और दूध और उत्पादों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है।

### सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना की

सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना (1.31 प्रतिशत) और सबसे अधिक केरल (7.31 प्रतिशत) में रही। आरबीआई ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताएं कम करने के लिए फरवरी में नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया था।



*शहरी मुद्रास्फीति घटकर 3.32 फीसदी : शहरी मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 3.32 प्रतिशत रही जबकि जनवरी में यह 3.87 प्रतिशत थी। खाद्य मुद्रास्फीति में भी इसी तरह की गिरावट देखी गई, जो जनवरी के 5.53 प्रतिशत से घटकर 3.20 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण क्षेत्र में भी मुख्य और खाद्य मुद्रास्फीति में फरवरी में भारी गिरावट देखी गई जो एक महीने पहले के 4.59 प्रतिशत से घटकर 3.79 प्रतिशत रह गई।*

### सबसे कम मुद्रास्फीति वाली वस्तुएं

फरवरी में सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति वाली प्रमुख वस्तुएं अदरक (-35.81 प्रतिशत), जीरा (-28.77 प्रतिशत), टमाटर (-28.51 प्रतिशत), फूलगोभी (-21.19 प्रतिशत), लहसुन (-20.32 प्रतिशत) थीं। दूसरी तरफ, सबसे अधिक मुद्रास्फीति वाली वस्तुएं नारियल तेल (54.48 प्रतिशत), नारियल (41.61 प्रतिशत), सोना (35.56 प्रतिशत), चांदी (30.89 प्रतिशत) और प्याज (30.42 प्रतिशत) थीं।

### अगली समीक्षा बैठक अप्रैल में

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली समीक्षा बैठक अप्रैल की शुरुआत में होने वाली है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के भीतर रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। आरबीआई अपनी मौद्रिक दरों का फैसला करते समय खुदरा मुद्रास्फीति पर विशेष ध्यान देता है।

### उम्मीद से अधिक गिरावट आई

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति में उम्मीद से अधिक गिरावट आई है और यह सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह एमपीसी की मध्यम-अवधि लक्ष्य सीमा के मध्य बिंदु से काफी कम है।

# अमेरिकी शराब पर भारत लगाता है 150% शुल्क

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका ने एक बार फिर भारत द्वारा अपने माल पर लगाए जाने वाले शुल्क का मुद्दा उठाते हुए अपनी शराब और कृषि उत्पादों पर उच्च शुल्क का हवाला दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान कनाडा पर एक सवाल का जवाब देते हुए भारत द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क का उल्लेख किया।



- अमेरिका ने एक बार फिर शुल्क का मुद्दा उठाया
- प्रेस सचिव कैरोलिन ने किया उल्लेख

लीविट ने कहा, "कनाडा दशकों से अमेरिका और मेहनतकश अमेरिकियों को लूट रहा है। अगर आप कनाडा के लोगों द्वारा अमेरिकी लोगों और हमारे यहां काम करने वालों पर लगाए गए शुल्क की दरों को देखें, तो यह बहुत ही भयानक हैं। वास्तव में, मेरे पास यहां एक आसान सूची है जो न केवल कनाडा, बल्कि पूरे देश में शुल्क की दर को दर्शाता है। अगर आप कनाडा को देखें...अमेरिकी पनीर और मक्खन पर लगभग 300 प्रतिशत शुल्क लगाता है।" लीविट ने कहा, "आप भारत को देखिए, अमेरिकी शराब पर 150 प्रतिशत शुल्क है।

### ट्रंप बराबरी में विश्वास करते हैं

प्रेस सचिव ने कहा, "राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप बराबरी में विश्वास करते हैं, और अब समय आ गया है कि हमारे पास एक ऐसा राष्ट्रपति हो जो वास्तव में अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों के हितों का ध्यान रखे, और वह दिन के अंत में केवल निष्पक्ष और संतुलित व्यापार प्रथाओं की मांग कर रहे हैं। ...और दुर्भाग्य से, कनाडा पिछले कई दशकों से हमारे साथ बिल्कुल भी निष्पक्ष व्यवहार नहीं कर रहा है।"

# लगातार चौथे दिन सेंसेक्स व निफ्टी में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 73 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका में वृद्धि को लेकर चिंता के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।



- आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 72.56 अंक की गिरावट के साथ 74,029.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.16 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 27.40 अंक फिसलकर 22,470.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 168.35 अंक तक टूट गया था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका घरेलू बाजार को प्रभावित कर रहा है।

### ये शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### इन शेयरों में रहा लाभ

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं।

## चांदी में आया 1,300 रुपए का उछाल



- फुटकर लिवाली से सोने में मामूली तेजी
- सोना 60 रुपए बढ़कर 88,850 रुपए प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** मामूली खुदरा लिवाली के साथ-साथ आभूषणों की मांग के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में मामूली तेजी आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 60 रुपये की तेजी के साथ 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसका पिछला बंद भाव 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 60 रुपये की तेजी के साथ 88,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले बाजार बंद में यह 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# ओला इलेक्ट्रिक ने लागत में कटौती की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- लागत में 90 करोड़ रुपए प्रति माह की कटौती की

ओला इलेक्ट्रिक ने बुधवार को कहा कि उसने लागत कम करने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए समूची कंपनी में शुरू की गई पहल को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने बयान में कहा कि उसने कंपनी के स्तर पर नवंबर, 2024 में शुरू किए गए नेटवर्क कायांतरण और लागत कटौती कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू कर लिया है। इस पहल ने कंपनी की लागत में प्रति माह 90 करोड़ रुपये की स्थायी कटौती की है। अप्रैल, 2025 से पूरी तरह से दिखाई देना शुरू हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहन खंड में सक्रिय कंपनी को उम्मीद है कि वह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वाहन खंड के कर एवं ब्याज-पूर्व आय (एबिटा) में 'न नफा, न नुकसान' वाली स्थिति हासिल कर लेगी। कंपनी के स्तर पर चलाए गए कार्यक्रम में सभी क्षेत्रीय गोदामों और ढुलाई वाहनों को बंद करना, कारखाने से सीधे स्टोर तक कलपुर्जा पहुंचाना, पंजीकरण और अन्य प्रक्रियाओं को स्वचालित करना और बिक्री और सेवा नेटवर्क की उत्पादकता में सुधार करना शामिल था।

*ग्राहकों का आपूर्ति का समय घटकर चार दिन : ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि इन बदलावों से उसका औसत वाहन स्टॉक भी लगभग 35 दिन से घटकर 20 दिन का रह गया है। इसी के साथ ग्राहकों को आपूर्ति में लगने वाला समय भी 12 दिन से घटकर तीन-चार दिन रह गया है।*

## फोनपे के उपयोगकर्ताओं की संख्या 60 करोड़ के पार...




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे मंच पर पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 60 करोड़ को पार कर गयी है। फोन पे के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर निगम ने कहा, '60 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं तक पहुंचना फोनपे में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है...।' उन्होंने कहा, 'हम अपने उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने और भारत के डिजिटल बदलाव को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए घरेलू समाधान बनाना जारी रखेंगे।' मार्च, 2024 तक, कंपनी के पास लगभग 53 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता थे। फोनपे का दावा है कि वह प्रतिदिन 33 करोड़ से अधिक लेनदेन करती है, जिसका वार्षिक कुल भुगतान मूल्य 150 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

# एमएम फन सिटी में होली पर 'रंगोत्सव', रंगो और वॉटर राइड्स से मजा होगा दोगुना



- रंगोत्सव के लिए ग्रुप बुकिंग और प्री-बुकिंग शुरू

**रायपुर।** गोढ़ी, बकतरा रोड स्थित एमएम फन सिटी में इस बार होली का जश्न खास होने वाला है। प्रदेश के सबसे बड़े वॉटर कम एंटरटेनमेंट पार्क में 14 मार्च, शुक्रवार को रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ रंग-गुलाल के साथ जमकर होली खेल सकेंगे। इसके साथ ही फन वॉटर स्लाइडर, फैमिली पूल, वेव पूल, डीजे विथ रैन डांस, किड्स जोन और स्वादिष्ट फूड का लुत्फ भी उठा सकेंगे। रंगोत्सव के लिए ग्रुप बुकिंग और प्री-बुकिंग की जा रही है, और यह धमाकेदार होली पार्टी सुबह 10:30 बजे से शुरू हो जाएगी।

एमएम फन सिटी वॉटर पार्क के संचालक राजेश थौरानी ने बताया कि होली के इस लोकप्रिय पर्व को और भी ज्यादा खास बनाने के लिए एमएम फन सिटी में विशेष तैयारियां की गई हैं। वॉटर पार्क में लोगों की सुविधा के लिए गुलाल प्ले एरिया भी बनाया गया है। इसके अलावा लाइव पंजाबी ढोल और डीजे की व्यवस्था की गई है। साथ ही अनलिमिटेड वेज और नॉनवेज फूड की वैरायटी भी उपलब्ध कराई जा रही है। राजेश थौरानी ने आगे कहा कि यहां के वाटर राइड्स विभिन्न आकृतियों और मॉडलों के साथ डिज़ाइन किए गए हैं, जो राइडिंग के अनुभव को और भी रोमांचक बना देंगे। एमएम फन सिटी में अन्य लोकप्रिय स्पॉट्स जैसे बैंक्वेट, रेस्तरां और लॉन भी हैं, जो परिवार के आराम के लिए आदर्श हैं। यहां एयर कंडीशंड डीलक्स रूम (सुइट) और लगभग 200 लोगों के लिए बैंक्वेट हॉल भी उपलब्ध है। इसके अलावा, कारपोरेट पार्टी, बर्थडे पार्टी, मैरेज लॉन, किटी पार्टी, गेट-टू-गेदर आदि जैसे विभिन्न प्रकार की पार्टियों के लिए हरा-भरा लॉन भी उपलब्ध है।

## पहल का मकसद कोष जुटाने का तरजीही विकल्प बनाना

# सेबी ने राइट्स इश्यू की समय सीमा 23 दिन की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने इक्विटी शेयर के राइट्स इश्यू के लिए प्रसंस्करण समय को घटाकर 23 दिन कर दिया है। इस पहल का मकसद इसे कोष जुटाने का तरजीही विकल्प बनाना है।

- निवेशकों को आवंटन को लेकर लचीली व्यवस्था प्रदान की

इसके अलावा, नियामक ने राइट्स इश्यू के मामले में संबंधित निवेशकों को आवंटन को लेकर लचीली व्यवस्था प्रदान की है। इसके तहत सेबी ने टिप्पणी जारी करने के लिए पेशकश का मसौदा दाखिल करने की वर्तमान आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।

### वर्तमान में औसत समयसीमा 317 दिन है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि रूपरेखा के तहत राइट्स इश्यू को जारी करने वाली कंपनी के निदेशक मंडल की मंजूरी की तारीख से 23 कार्य दिवसों के भीतर पूरा किया जाएगा। वर्तमान में औसत समयसीमा 317 दिन है। यह व्यवस्था तरजीही आधार पर शेयर आवंटन विकल्प से भी तेज होगी जिसमें 40 कार्य दिवस लगते हैं।




### मर्चेंट बैंकर की अनिवार्यता खत्म

नियामक ने जारीकर्ता द्वारा मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है और इसे 23 कार्य दिवसों की समयसीमा के भीतर राइट्स इश्यू को पूरा करने के अधीन वैकल्पिक बना दिया है।

### राइट्स इश्यू की प्रक्रिया तेज होगी

इसके बजाय इसे सैद्धांतिक मंजूरी के लिए शेयर बाजारों को दिया जाएगा क्योंकि कंपनी पहले से ही एक सूचीबद्ध इकाई है। इस कदम से कारोबार सुगम होगा और राइट्स इश्यू की प्रक्रिया तेज होगी।

### आवेदन कम से कम 7 दिन खुला रहेगा

इसके अलावा, यह कदम कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी के भविष्य की वृद्धि में और भी अधिक भाग लेने का अवसर देगा। सेबी ने कहा कि राइट्स इश्यू को आवेदन के लिए कम-से-कम सात दिन और अधिकतम 30 दिन के लिए खुला रखा जाएगा।




*देशभर में होली का माहौल बन गया है। कश्मीर से केरल तक, गुजरात से अरुणाचल तक हर कोई त्यौहारी रंग में रंग गया है। बुधवार को प्रयागराज में विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी जमकर होली खेली। कुल्लू, अगरतला में भी युवतियों-महिलाओं ने जमकर रंगोत्सव का लुत्फ उठाया। बता दें होली 14 मार्च को है।*

## देशभर में त्यौहारी रंग में रंगे लोग













# चंदनबिरही में 99 साल से होली नहीं खेलने की परंपरा आज भी कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवीलाल साहू/भिलाई

भिलाई से 50 किलोमीटर दूर गुंडरदेही ब्लॉक का गांव चंदनबिरही के ग्रामीण होलिकोत्सव ही नहीं मनाते। यह परंपरा पिछले 99 साल से कायम है। इस साल भी यहां होली का पर्व नहीं मनेगा। चंदबिरही गांव के बैगा जगदीश यादव, वर्तमान सरपंच तामेश्वर ठाकुर, पूर्व सरपंच नेतराम साहू, आदि के मुताबिक वर्ष 1926 से पहले फाल्गुन माह में ही गांव के छोटे बच्चों की किसी न किसी कारण से मौत हो जाती थी। इस विपत्ति की सूचना तत्कालीन गुंडरदेही के राजा ठाकुर निहाल सिंह को मिली। राजा ने गांव का भ्रमण करते हुए होली न मनाकर उस समय रामसत्ता का पाठ करने का सुझाव लोगों के समक्ष रखा। लगातार सातों दिन 24 घंटे होली पर रामसत्ता का पाठ किया गया। जिसके बाद गांव में छोटे बच्चों की मौत रूक गई। तब से लेकर आज तक ग्रामीण होली पर रामसत्ता का पाठ करते हैं।

### बच्चे तक नहीं जानते पिचकारी

होली पर रंग-गुलाल ही नहीं बल्कि यहां के बच्चों ने पिचकारी तक नहीं देखी है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि आज तक उन्होंने इस गांव में किसी को पिचकारी से रंग खेलते नहीं देखा।




## सउदी अरब से निकला शांति का रास्ता

# यूक्रेन 30 दिन के युद्ध विराम पर हुआ सहमत

### अमेरिका-यूक्रेन में 8 घंटे चली बैठक, अब रूस की सहमति का इंतजार



एजेंसी ▶▶ जेद्दा

रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने के संकेत मिल रहे हैं। यूक्रेन ने अमेरिका के 30-दिन का युद्धविराम प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इसकी पुष्टि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने की है। उन्होंने कहा है, यह प्रस्ताव एक सकारात्मक कदम है। इसे स्वीकार करने के लिए यूक्रेन पूरी तरह तैयार है। अब अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह रूस को इसके लिए राजी करे। जैसे ही मॉस्को सहमति देगा, युद्धविराम तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा।

जंग खत्म करने को लेकर सउदी अरब के जेद्दाह में मंगलवार को मसौदा तैयार किया गया है। बैठक में यूएस सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रूबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वॉल्ट्ज ने यूक्रेन से कई समझौते के प्रस्तावों पर चर्चा की। जेलेंस्की की ओर से युद्ध विराम पर सहमत होने की बात कहे जाने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका क्रेमलिन के समक्ष युद्ध विराम प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।


### अमेरिका-यूक्रेन वार्ता में अहम फैसले

- युद्धविराम हवा और समुद्री क्षेत्र को छोड़कर पूरे युद्धक्षेत्र पर लागू होगा
- अमेरिका रूस को युद्धविराम के लिए मनाने का प्रयास करेगा
- यूक्रेन को अमेरिका से सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने की सुविधा मिलेगी
- अमेरिका और यूक्रेन के बीच रेयर मिनरल्स डील को जल्द से जल्द पूरा करने पर सहमति बनी

### 'समझौता रूस की शर्तों पर होगा अमेरिका की नहीं'

उधर, रूस ने अभी तक इस समझौते पर सहमति या असहमति की कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन यह जरूर कहा है कि मॉस्को यूक्रेन की 30-दिवसीय युद्ध विराम योजना पर अमेरिका से सुनने का इंतजार कर रहा है। रॉयटर्स के मुताबिक, क्रेमलिन ने कहा है कि बिना समझौते का विवरण जाने बिना युद्ध विराम योजना पर टिप्पणी नहीं की जा सकती है। रॉयटर्स ने एक वरिष्ठ रूसी सांसद के हवाले से कहा, "अगर कोई समझौता जरूरी हुआ भी तो, वह हमारी शर्तों पर होना चाहिए, अमेरिकी शर्तों पर नहीं।" बता दें कि क्रेमलिन ने पहले भी मांग की है कि यूक्रेन उन चार क्षेत्रों से हट जाए, जिन पर रूस अपना दावा करता है।

### समझौते को स्वीकार करना रूस पर निर्भर



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन के साथ रूस 30 दिन के युद्धविराम पर सहमत हो जाएगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को इसे एक सकारात्मक कदम बताया और कहा कि मॉस्को को इसे स्वीकार करने के लिए राजी करना अमेरिका पर निर्भर है। अमेरिका और यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में वार्ता की। वार्ता के दौरान रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें 30 दिन के युद्धविराम को स्वीकार करने का संकेत दिया गया। जेद्दा में घोषणा के तुरंत बाद ट्रंप ने यहां कहा, 'कुछ समय पहले यूक्रेन ने युद्धविराम पर सहमति जताई थी।

# नमाज के दौरान रुके होली का जश्न दरभंगा महापौर के आह्वान पर विवाद


**दरभंगा/पटना।** बिहार के दरभंगा की महापौर ने जुमे की नमाज के दौरान होली के जश्न में दो घंटे के विराम का आह्वान किया है जिसे लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया और दावा किया कि उनके बयान की 'गलत व्याख्या' की गई है और वह 'माफी मांगने के लिए तैयार हैं।'

दरभंगा में हाल में प्रशासन की शांति समिति की बैठक में महापौर अंजुम आरा ने यह बात कही थी। अंजुम आरा ने बाद में संवाददाताओं से कहा, 'मैंने सुझाव दिया था कि जुमे की नमाज का समय टाला नहीं जा सकता इसलिए अपराह्न 12 बजे से अपराह्न दो बजे तक दो घंटे के दौरान हिंदू समुदाय के लोग मस्जिदों के आसपास वाले इलाकों में जाने से बचें।'













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com